''राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार''

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 01, अंक 239 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रूपए वीरवार, 14 नवंबर 2024 samachargate@gmail.com

**जरूरी सूचना**

सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि समाचार गेट के नाम पर अगर कोई पत्रकार आपसे पैसे की मांग करता है तो कृपया 9212339503 पर संपर्क करें। समाचार गेट में कार्य कर रहे पत्रकार सिर्फ वही हैं जिनके नाम से खबर छपती हैं।

## कांग्रेस घोटालों की पार्टी, जब-जब कांग्रेस की सरकार आई, जमकर घोटाले हुए : बड़ौली

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** भाजपा के सदस्यता अभियान को धार देने के लिए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली बुधवार को फरीदाबाद पहुंचे। प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने और बीजेपी की विचारधारा को लोगों तक पहुंचाने का आग्रह किया। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं की बैठक ली और सदस्यता अभियान की समीक्षा भी की। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष के साथ सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक वेदपाल एडवोकेट भी मौजूद रहे। बैठक से पहले प्रदेश अध्यक्ष ने मीडिया से बातचीत की और सवालों के जवाब भी दिए। श्री बड़ौली ने कांग्रेस को घोटालों की पार्टी कहा। उन्होंने कहा कि जब-जब कांग्रेस की सरकार रही तब-तब घोटाले हुए हैं।

पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान को कार्यकर्ता उत्सव की तरह मना रहे हैं। पार्टी के प्रति लोगों में जोश और उत्साह हैं। कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने प्रत्येक बूथ पर सदस्यता अभियान में तेजी लाने और बूथ पर नये वोटर बनाने का आह्वान किया। श्री बड़ौली ने कार्यकर्ताओं को भाजपा की सबसे बड़ी ताकत बताया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत के दम पर हम लगातार चुनाव जीत रहे हैं।



प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि हम एक चुनाव होने के बाद तुरंत अगले चुनाव की तैयारी में जुट जाते हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा विधानसभा चुनाव ने न सिर्फ प्रदेश बल्कि पूरे देश में सकारात्मक नेरेटिव सैट किया है। हरियाणा की जनता ने तीसरी बार सरकार बनाकर बता दिया है कि भाजपा जो कहती है वह करके दिखाती है।

श्री बड़ौली ने कहा कि हरियाणा को 50 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य मिला है। संगठन के इस महापर्व को लेकर जनता में उत्साह है और जनता के दिल में भी 2024 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प है। उन्होंने कहा कि हमारे सदस्यता अभियान का मकसद भी भाजपा के विचारों को लोगों तक पहुंचाना है।

श्री बड़ौली ने कहा कि प्रदेश में जिला व मंडल स्तर पर कार्यशालाएं हो चुकी हैं। 10 लाख से अधिक लोग भाजपा की सदस्यता ले चुके हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों से लोग प्रभावित है। यही कारण है कि इस बार जनता ने भाजपा को स्पष्ट बहुमत की सरकार दी है। उन्होंने कहा कि आने वाले नगर पालिका, नगरपरिषद, नगर निगम चुनावों में भाजपा की बड़ी जीत होगी। सदस्यता अभियान से हमें हर चुनाव में सफलता मिलनी तय है।

श्री बड़ौली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी नीतियों से प्रभारित होकर नायब सिंह के नेतृत्व में हरियाणा की जनता ने भाजपा की सरकार बनाई है। कांग्रेस की हार को लेकर चल रहे मंथन पर चुटकी लेते हुए श्री बड़ौली ने कहा कि कांग्रेस ने देश की जनता गुमराह करने पाप किया है। महाराष्ट्र और झारखं डमें चल रहे चुनाव पर बोलते हुए श्री बड़ौली ने कहा कि दोनों राज्यों की जनता कांग्रेस को सबक सिखाएगी और भाजपा की स्पष्ट बहुमत की सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व विहीन पार्टी है।

श्री बड़ौली ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष चुनने की जिम्मेदारी कांग्रेस की है, अगर कांग्रेस को कोई नेता नहीं मिल रहा है तो निर्दलीय विधायकों में से चुनकर नेता प्रतिपक्ष बना लेना चाहिए। एक अन्य सवाल पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस में गुटबाजी है। गुटबाजी के कारण ही कांग्रेस अंतर्कलह की शिकार है।

भाजपा जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहनलाल बडौली को विश्वास दिलाते हुए कहा कि फरीदाबाद जिले में सदस्यता अभियान को अपार सफलता मिल रही है, हजारों लोग हर रोज भाजपा के साथ जुड़ रहे हैं । फरीदाबाद जिले हम 2.5 लाख से अधिक सदस्य बनाने का रिकार्ड बनाएंगे।

इस अवसर पर सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक वेदपाल एडवोकेट, प्रदेश संगठन मंत्री फणींद्रनाथ सरमा, जिला अध्यक्ष राज कुमार वोहरा जिला प्रभारी नरेंद्र वत्स, प्रदेश सह संयोजक सदस्यता अभियान गोपाल शर्मा, निवर्तमान मेयर सुमन बाला, निर्वतमान वरिष्ठ उप महापौर देवेन्द्र चौधरी जिला संयोजक सदस्यता अभियान हुकुम सिंह भाटी, जिला महामंत्री सुरेंद्र जांगड़ा, मनोज वशिष्ठ, पूर्व जिला महामंत्री मूलचंद मित्तल, आर एन सिंह, जिला उपाध्यक्ष अनिल नागर, पंकज सिंगला, वज़ीर सिंह डागर, लक्ष्मण तंवर, पंकज रामपाल, जिला सचिव मुकेश अग्रवाल, गोल्डी अरोड़ा, सुनीता बघेल, लाल जी मिश्रा, राजबाला सरदाना, शोभित अरोड़ा, जैजू ठाकुर, समीर टंडन, राज मदन, आभास अग्रवाल, जिला पदाधिकारी, जिला कार्यकारिणी सदस्य, जिला सदस्यता टोली, मंडल सदस्यता टोली, शक्ति केंद्र प्रमुख, शक्ति केंद्र सदस्यता प्रमुख उपस्थित रहे।

## फरीदाबाद, नोएडा, गाजियाबाद रूट बनेगा आमजन के लिए लाभकारी

### इन सड़कों के बनने से होगी एनसीआर की निर्बाध कनेक्टिविटी

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** सड़क तंत्र का विस्तारीकरण करने की रूपरेखा तैयार करते हुए फरीदाबाद जिला में वाहन चालकों को आने वाले समय में आवागमन की बेहतरीन व्यवस्थित सुविधा प्रदान करने की दिशा में जिला प्रशासन प्रभावी कदम उठा रहा है। निर्बाध रूप से शहरों की एक दूसरे से कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिए डीसी विक्रम सिंह के मार्गदर्शन में योजनाबद्ध तरीके से संबंधित विभाग कार्य कर रहे हैं ताकि जाम मुक्त फरीदाबाद के साथ ही अन्य शहरों से आने वाले आमजन के समय की बचत भी हो सके। डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि फरीदाबाद-नोएडा-गाजियाबाद रूट के साथ ही ईस्टर्न-वेस्टर्न अनइंट्रपटेड रूट पर कुल करीब 2431 करोड़ रूपए की लागत से मजबूत सड़क तंत्र विकसित करने में लोक निर्माण विभाग-भवन एवं सडक़ें तथा फरीदाबाद मैट्रोपोलिटन डेवेलपमेंट ऑथरिटी-एफएमडीए सजगता से कार्य कर रहे हैं।

**एफएनजी से होगी फरीदाबाद से नोएडा की दूरी महज 10 किलोमीटर :**

डीसी विक्रम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि फरीदाबाद व गुरूग्राम से अधिकतर लोगों को आवागमन नोएडा की ओर रहता है। फिलहाल यह सथिति है कि गुरूग्राम से नोएडा के लिए करीब दो घंटे से अधिक तथा फरीदाबाद से नोएडा की दूरी करीब 40 किलोमीटर की है। ऐसे में आमजन को रोजाना सडक़ों पर जाम की सथिति का सामना करना पड़ रहा है। लोगों की इस परेशानी को समझते हुए लोक निर्माण विभाग-भवन एवं सडक़ें द्वारा फरीदाबाद-नोएडा-गाजियाबाद रूट प्रोजेक्ट पर कार्य शुरू करने की रूपरेखा तैयार कर ली गई है जिसके बनने से फरीदाबाद से नोएडा की दूरी महज 10 किलोमीटर की रह जाएगी और लोगों को जाम से मुक्ति मिलेगी। करीब 900 करोड़ की धनराशि से फरीदाबाद-नोएडा के इस एफएनजी मार्ग की कनेक्टिविटी फरीदाबाद सथित अमृता हॉसपिटल के पास से शुरू होकर नोएडा के सेक्टर 168 तक रहेगी। वहीं ईस्टर्न-वेस्टर्न अनइंट्रपटेड रूट से के बनने से गुरूग्राम तक के लोगों को एफएनजी से सीधा लाभ पहुंचेगा।



**ईस्टर्न-वेस्टर्न अनइंट्रपटेड रूट बनेगा कनेक्टिविटी का मजबूत आधार :**

डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि फरीदाबाद शहरी क्षेत्र को जाम मुक्त बनाने वाली ईस्टर्न-वेस्टर्न अनइंट्रपटेड रूट जिलावासियों सहित अन्य शहरों से आने वाले लोगों के लिए भी मजबूत सड़क व्यवस्था का आधार होगा। इस परियोजना का उद्देश्य नहर पार ग्रेटर फरीदाबाद के एरिया तथा फरीदाबाद की कनेक्टिविटी को और मजबूत, सुगम तथा जाम मुक्त करना है। इस परियोजना के तहत 2 रूट प्रस्तावित हैं जिसमें एक बाटा चौक तथा बडख़ल का रूट शामिल है। यह दोनों ही रूट अनइंट्रपटेड-निर्बाध रहेंगे।

डीसी ने इस अनइंट्रपटेड रूट के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि बाटा रूट पर चार फ्लाईओवर जोकि मस्जिद चौक, प्याली चौक, हार्डवेयर चौक तथा 15/15ए डीसी रेजिडेंस रोड से इंडियन आयल चौक फ्लाईओवर का निर्माण प्रस्तावित है। वहीं इस रूट पर मस्जिद चौक मुल्ला होटल पर एक कनेक्टिंग फ्लाईओवर तथा गुड ईयर चौक, बाटा चौक(दिल्ली साइड) एवं बीपीटीपी चौक बाईपास रोड पर तीन यू-टर्न और नेशनल हाई-वे पर एक अंडरपास का निर्माण प्रस्तावित है। इस रूट के निर्माण के बाद नहर पार से गुरुग्राम मोड़ तक पहुंचने का समय केवल 10 मिनट ही रहेगा जिस पर अभी 40 से 45 मिनट लगते हैं। यह 9 किलोमीटर लंबा रूट 6 लेन का होगा जिसके निर्माण पर करीब 683 करोड़ रूपए का खर्च होगा।

इसी योजना के तहत बडख़ल रूट पर भी कार्य की शुरूआत होगी जिसमें 5 फ्लाईओवर, 5 एलिवेटेड यू-टर्न और 1 कनेक्टिंग फ्लाईओवर का निर्माण प्रस्तावित है। इस रूट पर गुरुग्राम मोड़, सैनिक कॉलोनी टी पॉइंट, बडख़ल गांव, अनखीर चौक तथा 28-29 तिरंगा रोड पर क्रलाईओवर तथा गुरुग्राम मोड़, सैनिक कॉलोनी टी पॉइंट, नेशनल हाईवे पर दिल्ली एवं मथुरा साइड और बाईपास रोड सेक्टर 29 रेडलाइट दिल्ली पल्ला की ओर एलिवेटेड यू टर्न का निर्माण किया जाएगा। इसी के साथ अनखीर चौक पर एक कनेक्टिंग फ्लाईओवर का निर्माण भी प्रस्तावित है। इस 8 किलोमीटर लंबे रूट पर करीब 849 करोड़ रूपए की लागत आएगी। इसके साथ, अप्रोच रोड, सर्विस रोड और ड्रेनेज सुविधाओं को पूरा किया जाना है।

## विस अध्यक्ष कल्याण ने बढ़ाया नए विधायकों का उत्साह

### सीख भी दी, कहा- कम समय में बात रखने का करें अभ्यास



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधान सभा के प्रथम सत्र की शुरुआत में विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण पहली बार चुन कर आए सदस्यों की लग्न देख कर गदगद नजर आए। इस दौरान उन्होंने नवनिर्वाचित सदस्यों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें विधायी कामकाज की बारीकियां भी बताई।

विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने सत्र के दौरान सदन को सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि पहली बार चुन गए विधायकों का उत्साह सराहनीय है। इस लग्न और निष्ठा को ऐसे ही बनाए रखना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता ने उन्हें बहुत ही महान दायित्व सौंपा है। जनता की कसौटियों पर खरा उतरना उनका पहला दायित्व है। उन्होंने सदन के समय का महत्व बताते हुए कहा कि प्रत्येक सदस्य को निर्धारित समय सीमा में अपनी बात कहने का अभ्यास करना चाहिए। सदन का एक-एक क्षण जनसेवा को समर्पित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह महान सदन मुख्य रूप से तीन बातों पर चलता है। पहला, भारतीय संविधान के अनुसार। दूसरा, हरियाणा विधान सभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालय सम्बन्धी नियम जो अनुच्छेद 208 के अंतर्गत बने हैं। तीसरा, स्थापित संसदीय प्रथाओं के आधार पर। उन्होंने कहा कि समय समय पर अध्यक्ष द्वारा दी गई रूलिंग का भी हम सभी को अध्ययन करना चाहिए। इन्हें अपनाकर ही हम जनहित को साध सकेंगे। कल्याण ने विश्वास जताया कि हम सब इनकी पालना कर प्रदेशवासियों की कठिनाइयों को दूर करने व उनकी आवश्यकताओं को पूरा करेंगे।

**बोले- जनता ने सौंपा महान दायित्व, हर कसौटी पर उतरें खरा**

विस अध्यक्ष ने कहा कि जनहित व प्रदेश तथा राष्ट्र के हितों में काम करने के लिए संविधान ने हमें दो शक्तिशाली प्लेटफार्म दिए हैं। पहला यह महान सदन तथा मिनी-हाउस माने जानी वाली सदन की समितियां। उन्होंने संकल्प दोहराया कि सभी सदस्य इन दोनों प्लेटफार्मों का प्रयोग करते हुए अपने संसदीय दायित्वों व कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे। उन्होंने सदन को विश्वास दिलाया कि राज्य के हित और सदस्यों के अधिकारों से संबंधित प्रत्येक विषय पर गंभीरता से विचार करेंगे।

**बजट सत्र से पहले होगा प्रशिक्षण**

विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने सदन की कार्यवाही के दौरान 30 अक्तूबर में उपराष्ट्रपति, 6 नवंबर को लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला व अन्य नेताओं से हुई भेंट का भी जिक्र किया। कहा कि महामहिम से विधायी कार्यों से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा भी हुई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि बजट सत्र से पहले विधायकों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा।

## महान विभूतियों, स्वतंत्रता सेनानी और शहीद जवानों के सम्मान में शोक प्रस्ताव पढ़कर श्रद्धांजलि दी

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा के सत्र के पहले दिन सदन में पिछले सत्र और इस सत्र की अवधि के दौरान मृत्यु को प्राप्त हुए महान विभूतियों, स्वतंत्रता सेनानी और शहीद जवानों के सम्मान में शोक प्रस्ताव पढ़े गए और शोक संतप्त परिवारों के सदस्यों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की गई।

सर्वप्रथम सदन के नेता मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने शोक प्रस्ताव पढ़े। इनके अलावा, विधानसभा अध्यक्ष श्री हरविंदर कल्याण और श्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने अपनी पार्टी की ओर से भी शोक प्रस्ताव पढ़कर श्रद्धांजलि दी। सदन के सभी सदस्यों ने खड़े होकर दो मिनट का मौन रखा तथा दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना भी की।

सदन में जिनके शोक प्रस्ताव पढ़े गए, उनमें हरियाणा के भूतपूर्व मंत्री श्री जसवंत सिंह, भूतपूर्व राज्य मंत्री श्री भागी राम, श्री हरि सिंह सैनी, हरियाणा विधानसभा के भूतपूर्व सदस्य श्री रणधीर सिंह, श्री नरेश यादव, श्री सुभाष चौधरी, श्री राकेश दौलताबाद शामिल हैं।

सदन में पद्म विभूषण श्री रतन नवल टाटा, और स्वतंत्रता सेनानी श्री हरि सिंह के निधन पर भी शोक प्रकट किया गया। इसके अलावा, 11 अप्रैल 2024 को महेंद्रगढ़ जिले के कनीना के गांव उन्हानी के पास स्कूल बस के पलटने से मारे गए 6 मासूम बच्चों के दु:खद एवं असामयिक निधन पर भी गहरा शोक प्रकट किया गया और शोक संतप्त परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना प्रकट की गई।



सदन में अदम्य साहस व वीरता दिखाते हुए मातृभूमि की एकता व अखंडता की रक्षा करने के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले हरियाणा के 46 वीर सैनिकों के निधन पर भी शोक व्यक्त किया गया। इन वीर शहीदों में जिला गुरुग्राम के गांव भोंडसी के सूबेदार मेजर अनिल कुमार, जिला जींद के गांव निडानी के निरीक्षक कुलदीप कुमार, जिला झज्जर के गांव गुढ़ा के सहायक उप निरीक्षक सत्यवान सिंह, जिला सोनीपत के गांव बढ़खालसा के सूबेदार अजीत, जिला झज्जर के गांव सुंदरहेटी के सूबेदार सतपाल यादव, जिला फतेहाबाद के गांव हांसावाला के नायब सूबेदार मंजीत, जिला हिसार के गांव थुराना के हवलदार सुधीर पानू, जिला रोहतक के गांव गद्दी खेड़ी के हवलदार मोहित, जिला झज्जर के गांव दूबलधन के हवलदार मंजीत, जिला हिसार के गांव सुलचानी के हवलदार राजकुमार, जिला झज्जर के गांव दूबलधन के हवलदार सुरेन्द्र कुमार, जिला चरखी दादरी के गांव अचिना हवलदार रामबीर शर्मा, जिला भिवानी के गांव कलिंगा के हवलदार निशांत, जिला पलवल के गांव बामनी खेड़ा के हवलदार सुंदर लाल, जिला भिवानी के गांव सिरसा घोघड़ा के हवलदार संदीप यादव, जिला भिवानी के गांव सोंहासड़ा के हवलदार बलजिंद्र सिंह, जिला गुरुग्राम के गांव राठीवास के हवलदार संजीत कुमार, जिला महेन्द्रगढ़ के गांव दौंगड़ा अहीर के हवलदार प्रवेश कुमार, जिला सोनीपत के गांव तिहाड़ कलां के कारपोरल प्रवीण दहिया, जिला सिरसा के गांव रोहण के राइफलमैन जीवन सिंह और जिला हिसार के गांव बड़ाला के नायक बिजेन्द्र सिंह शामिल हैं।

उपरोक्त के अलावा, सदन में केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल के भतीजे श्री वैभव खट्टर, हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डॉ कृष्ण लाल मिढा के ससुर श्री मक्खन लाल पाहवा, विधायक श्री ओम प्रकाश यादव के पिता श्री शादीलाल यादव तथा बेटे श्री उमेश कुमार और विधायक श्री राम करण की माता श्रीमती करमों देवी व भाई श्री रामेश्वर कुमार के निधन पर भी गहरा शोक व्यक्त किया गया।

## डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को कहा- नशा होता अच्छा तो माँ कहती खा ले मेरे बच्चा

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**पानीपत।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो प्रमुख/ पुलिस महानिदेशक श्री ओपी सिंह साहब के दिशानिर्देशों एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती पंखुरी कुमार के मार्गदर्शन में नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम किये जा रहे हैं। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा साइकिल के साधन का प्रयोग करते हुए हरियाणा के अलग अलग शहरों में नशे के विरुद्ध प्रचार प्रसार में जुटे हुए हैं। आज वे पानीपत तहसील कैंप में सथित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पहुंचे और नशे के विरुद्ध एक दिवसीय 65 वां जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यदि नशा होता अच्छा तो माँ कहती खा ले मेरे बच्चा। हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508 पर चर्चा करते हुए बताया कि नशा मुक्त हरियाणा अभियान के अंतर्गत नशीला पदार्थ आदि प्रतिबंधित नशा बेचने वाले लोगों की गुप्त सूचनाएं देकर जागरूक नागरिक का कर्तव्य निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो नशा मुक्त अभियान के अंतर्गत गांव गांव तक नशा मुक्त जागरूकता कार्यक्रम कर रही है। कार्यक्रम आयोजन के लिए 9053115315 पर सम्पर्क कर सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में शपथ ग्रहण करवाई गयी। इसके साथ ही शिक्षकों और अभिभावकों के साथ भी नशे के दुष्परिणामों पर चर्चा की और बताया कि किस प्रकार परिवार और बच्चों को नशे से दूर रखने में सहायता करनी है। उन्होंने विद्यार्थियों को राष्ट्र प्रेम के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि समय समय पर संविधान के अनुच्छेद 51-क में बताये गए कर्तव्यों को भी पढ़े और अपने जीवन में पालन करें।



## फरीदाबाद के कॉलेज/स्कूलों में रोड सेफ्टी क्विज कंपटीशन किया आयोजन

**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** पुलिस महानिदेशक श्री शत्रुजीत कपूर के आदेशानुसार व पुलिस आयुक्त ओमप्रकाश नरवाल के दिशा-निर्देश तथा डीसीपी ट्रैफिक जसलीन कौर के नेतृत्व में विद्यार्थियों में यातायात सुरक्षा के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से जिला फरीदाबाद के सभी सरकारी व प्राइवेट स्कूल/ कॉलेज में 12 नवम्बर को Road Safety Quiz Competition का आयोजन कराया गया। इस प्रतियोगिता के लिए एसीपी ट्रैफिक शैलेन्द्र को नोडल अधिकारी बनाया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि छात्र- छात्राओं में यातायात नियमों और सड़क सुरक्षा को लेकर जागरुकता प्रदान करने के लिए हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 12 नवम्बर को फरीदाबाद के सभी सरकारी व प्राइवेट स्कूल/ कॉलेज में Road Safety Quiz Competition का आयोजन कराया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन वर्ष 2013-14 से किया जा रहा है, 12 नवम्बर को आयोजित प्रतियोगिता में जिला फरीदाबाद के करीब 264798 छात्रों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के लिए कक्षाओं के 4 ग्रुप बनाए गए, जिसके लिए कक्षा 3 से 5, 6 से 8, कक्षा 9 से 12वीं और कॉलेज के ग्रुप बनाए गए। प्रतियोगिता को संबंधित थाना की टीम द्वारा आयोजित कराया गया। यह प्रतियोगिता का प्रथम चरण था। मूल्यांकन उपरांत विद्यार्थियों का द्वितीय चरण के लिए चयन किया जाएगा। प्रतियोगिता के चार चरण है प्रथम चरण के लिए प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। जिसके माध्यम से छात्रों को यातायात नियमों और रोड सड़क सुरक्षा के संबंध में जागरुक करना है, ताकि युवा पीढ़ी यातायात नियमों के प्रति जागरुक होकर यातायात नियमों की पालना करे।



**अपनी शादी, जन्मदिन और विवाह की वर्षगांठ की फोटो हमें भेजें।**


**नोट : मेल में नाम, पता और मोबाईल नंबर जरूर लिखें।**

samachargate@gmail.com

**प्रत्येक व्यक्ति के लिए आवश्यक टोल फ्री नम्बरों की सूची**

| | |
|---|---|
| सीएम शिकायत पोर्टल | 181 |
| विद्युत सेवा | 1912 |
| पशु सेवा | 1962 |
| पुलिस सेवा | 112, 100 |
| अग्नि सेवा | 101 |
| एमबुलैस सेवा | 102 |
| यातायात पुलिस | 103 |
| आपदा प्रबंधन | 108 |
| चाइल्ड लाइन | 1098 |
| रेलवे पूछताछ | 139 |
| भ्रष्टाचार विरोधी | 1031 |
| रेल दुर्घटना | 1072 |
| सड़क दुर्घटना | 1073 |
| सी एम सहायता लाइन | 1076 |
| क्राइम सटायर | 1090 |
| महिला सहायता लाइन | 1091 |
| पृथ्वी भूकम्प | 1092 |
| बाल शोषण सहायता | 1098 |
| किसान काल सेन्टर | 1551 |
| नागरिक काल सेन्टर | 155300 |
| ब्लड बैंक | 9480044444 |

## कॉफी स्क्रब के सामने बेअसर हैं सभी फेसपैक्स, ऐसे करें इस्तेमाल



खूबसूरत और दमकता हुआ चेहरा किसे पसंद नहीं होता। इसके लिए आप पार्लर में हर महीने हज़ारों पैसे खर्च करते होंगे। यहां तक कि कई लोग चेहरे को बेदाग़ बनाने के लिए महंगे लेज़र ट्रीटमेंट का भी सहारा लेते हैं। हालांकि इसमें ज़्यादा पैसे भी खर्च होते हैं और साथ ही साइड-इफेक्ट्स का ख़तरा भी रहता है। ऐसे में कुछ उपाय ऐसे भी हैं जिनसे आप बिना ज्यादा पैसे खर्च किए चेहरे पर निखार पा सकती हैं। आज हम आपको बता रहे हैं ऐसे ही ब्यूटी सीक्रेट के बारे में जिससे आपका चेहरा खूबसूरत और दमकता हुआ दिखेगा और साथ ही ज्यादा पैसे भी खर्च नहीं होंगे।

ये सीक्रेट छिपा है कॉफी में। आप शायद ही कॉफी के गुणों के बारे में जानती हों। कॉफी पीने में जितना मज़ा आता है उतने ही इसके त्वचा पर फायदें हैं। चेहरे पर अगर आप कॉफी इस्तेमाल करती हैं तो ये आपको ब्यूटी पॉर्लर के फैशियल से भी बेहतर निखार दे सकता है। साथ ही कॉफी में एंटी एजिंग एजेंट भी पाए जाते हैं इसलिए इसके लंबे समय तक इस्तेमाल से आपकी त्वचा ज्यादा उम्र तक खूबसूरत रहेगी।

### कॉफी से आप कैसे फेसपैक तैयार कर सकती हैं

**कॉफी स्क्रब:** चेहरे पर निखार लाने के लिए कॉफी बेहद फायदेमंद है। इसके साइड इफेक्ट्स भी नहीं हैं। आपके चेहरे पर कैसे भी दाग-धब्बे हों, कॉफी फैशियल इनसे छुटकारा दिला सकता है। ये आपके चेहरे को बिल्कुल बेदाग़ और रिफ्रेश कर देता है। कॉफी चेहरे से डेड स्किन हटाने का काम करती है, जिससे त्वचा मुलायम हो जाती है और चेहरे की चमक भी बढ़ जाती है।

### ऐसे बनाएं कॉफी स्क्रब

- एक कटोरी में एक छोटा चम्मच कॉफी पाउडर लें।
- अब इसमें थोड़ा सा चावल का आटा मिला लें। चावल का आटा आपको मार्केट में भी मिल सकता है या फिर आप थोड़े से चावल मिक्सी में पीस सकती हैं।
- अब इसमें 2 छोटे चम्मच कच्चा दूध, एक छोटा चम्मच नींबू का रस और एक छोटा चम्मच शहद भी मिला लें।
- फिर इसे अच्छी तरह मिलाकर पेस्ट बना लें। अब इसे चेहरे और गर्दन पर लगाकर स्क्रब करें।
- चेहरे पर करीब 10 मिनट तक स्क्रब करते हुए मसाज करें। फिर पानी से चेहरे को धो लें।
- हफ्ते में 4 दिन इस पैक को लगाएं इससे आपका चेहरा बिल्कुल खिल उठेगा।

## सर्दियों में साइनस के दर्द से राहत पाने के लिए अपनाएं ये 5 उपाय

सर्दियों में सेहत से जुड़ी कई परेशानियां भी शुरू हो जाती है। ऐसे में जिन लोगों को साइनस से जुड़ी परेशानी होती है, उनके लिए सर्दियां बहुत मुश्किल भरी होती है, अगर आपको या आपके किसी करीबी को भी ऐसी समस्या है, तो कुछ ऐसे प्राकृतिक उपाय हैं, जिन पर अमल करके आप काफी हद तक अपनी परेशानी कम कर सकते हैं-

### इन उपायों से करें साइनस का दर्द कम-

#### सेब का सिरका

सेब का सिरका भी साइनस के लिए लाभदायक दवा है। सेब के सिरके में मौजूद औषधीय गुण होते हैं, जो साइनस की समस्या से निजात दिला सकते हैं। सेब का सिरका एक सटीक घरेलू उपचार है।

#### स्टीम लें

आप पानी में चुटकी भर नमक या बाम डालकर स्टीम लें। रोजाना 5-6 मिनट ऐसा करने से न सिर्फ आपको साइनस के दर्द से राहत मिलेगी बल्कि इससे आपके चेहरे पर भी काफी असर पड़ेगा7

#### प्याज का रस

साइनस संक्रमण से निजात पाने के लिए आप प्याज के रस का इस्तेमाल कर सकते हैं। प्याज में एंटी बैक्टीरिया वाले तत्व पाए जाते हैं, जो साइनस संक्रमण के इलाज के लिए उपयोगी माने गए हैं।

#### प्राकृतिक तेल

साइनस का उपचार विभिन्न प्राकृतिक तेलों से किया जा सकता है। इसमें लैवेंडर, पुदीना, नींबू, पाइन व लौंग आदि शामिल हैं। ये तेल काफी लाभदायक होते हैं, जिनसे छाती, नाक व सिर की मालिश करने से आराम मिलता है।

#### लेमन बाम

साइनस की समस्या से निजात पाने के लिए लेमन बाम भी एक गुणकारी नुस्खा है। यह पुदीने के परिवार का ही एक बारहमासी पौधा है। इसका इस्तेमाल बुखार, जुकाम या फ्लू के उपचार के लिए किया जाता है।

#### क्या है साइनस

साइनस नाक से जुड़ी एक समस्या है। इसमें पीड़ित की नाक और आसपास और सिर के आधे भाग में दर्द होने लगता है। सर्दियों में यह समस्या अधिक बढ़ जाती है, इसमें आपका नाक बंद होना, सिर में दर्द और नाक से पानी गिरने जैसे लक्षण होते हैं।



## रेसिपी

### चीज नमकपारे



**सामग्री**

- मैदा- 2 कप
- प्रोसेस्ड चीज़- 1/2 कप (कद्दूकस किया)
- घी- 2 टेबलस्पून
- गुनगुना दूध- 1/2 कप
- नमक- स्वादानुसार
- अजवाइन- आधा टीस्पून (बारीक कुटी हुई)
- तेल- तलने के लिए

**विधि**

एक बाउल में मैदा, घी, नमक, अजवाइन और चीज़ डालकर अच्छी तरह से मिक्स करें और थोड़ा-थोड़ा गुनगुना दूध डालते हुए हल्का सख्त आटा गूंथ लें। इसे ढककर 20 मिनट के लिए रख दें। फिर आटे को 4 मिनट तक मसल लें। अब आटे को चार बराबर भागों में बांट लें और गोल लोई बनाकर पतला बेल लें। फिर इसे चाकू से छोटे टुकड़ों में काट लें। कढ़ाही में तेल गरम करें। तेल गरम होने पर इसमें नमकपारे डालकर डीप फ्राई करने के लिए डाल दें। नमकपारों को हल्का ब्राउन होने तक फ्राई कर लें। फिर इन्हें नैपकिन पेपर बिछाकर प्लेट में निकाल लें और अपने गेस्ट्स को सर्व करें।

### बाकरवड़ी



**सामग्री**

- मैदा- 1 कप
- बेसन- 2 टेबलस्पून
- इमली की मीठी चटनी- 2 टीस्पून
- सूखा नारियल- 1 टेबलस्पून (कद्दूकस)
- तिल- 1 टेबलस्पून
- चीनी- 2 टीस्पून, धनिया पाउडर- 1 टीस्पून
- सौंफ पाउडर- 1/2 टीस्पून
- जीरा- आधा टी स्पून
- हल्दी पाउडर- 1/4 टीस्पून
- अदरक पाउडर- 1/4 टीस्पून
- गरम मसाला- 1 चौथाई टीस्पून
- नमक- स्वादानुसार
- अजवाइन- 1 टीस्पून
- रिफाइंड ऑयल- 2 टेबलस्पून (आटे के लिए)
- रिफाइंड ऑयल- फ्राई करने के लिए

**विधि**

एक बाउल में मैदा, ऑयल, अजवाइन, नमक और बेसन डालकर मिक्स करें। थोड़ा-थोड़ा पानी डालते हुए सख्त आटा गूंद लें। आटे को 15 मिनट के लिए ढककर रख दें। तिल, नारियल पाउडर, चीनी, धनिया पाउडर, सौंफ पाउडर, जीरा, लाल मिर्च, नमक, हल्दी, अदरक पाउडर, गरम मसाला को मिक्सर में डालकर बारीक बना लें। गूंदे आटे को हाथ पर तेल लगाकर अच्छी तरह मसल कर चिकना कर लें। छोटी-छोटी लोई बनाकर न ज्यादा पतला और न मोटा बेलें। बेली गई पूड़ी को 2 भागों में काट लें। पूरी के दोनों भागों पर चटनी डालकर चारों ओर अच्छे से फैला दें। किनारा थोड़ा छोड़ दें। इसमें 1 छोटा टी-स्पून मसाला डालकर फैला दें। फिर जो खाली जगह छोड़ी है, उसके किनारे पर पानी लगा दें। फिर इसमे रोल करें और चिपका दें। दोनों खुले किनारों को दबाकर बंद कर दें और हाथों से रोल करते हुए थोड़ा सा पतला और लंबा कर लें। फिर इसके आधा इंच के टुकड़े काट लें और आधा घंटे के लिए ऐसे ही खुले छोड़ दें। कढ़ाई में तेल गरम कर एक-एक करके टुकड़ों को तेल में डालें। मीडियम आंच पर गोल्डन ब्राउन होने तक फ्राई करें। ठंडा होने सर्व करें।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शनैः-शनैः स्थिती पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। प्रेमभाव बढ़ेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। शुभांक-3-5-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रखें। शुभांक-1-3-5

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। यात्रा का योग बनेगा। शुभांक-5-7-8

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): आध्यात्मिक रुचि बनेगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित विघ्न पैदा होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-3-5-7

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। वाहन चालन में सावधानी बरतें। शुभांक-5-7-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखें। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। हाथ-पैरों में पीड़ा हो सकती हैं। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-2-4-6

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। मातृपक्ष के लोगों का सहयोग मिलेगा। शुभांक-3-5-6

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): मनोविनोद बढ़ेगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। शुभांक-6-8-9


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों में प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। शुभांक-6-7-9

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। शुभांक-7-8-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। शुभांक-2-5-7

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। जो चल रहा हैं उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो समय चक्र हैं। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-1-3-5

## काकुरो पहेली - 3350




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः

6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

### काकुरो - 3349 का हल



## हंसी के फूव्वारें

'तुम रेडियो पर सदा विदेशी स्टेशनों के कार्यक्रम ही क्यों सुनते रहते हो?'

'ताकि हमारे देश की बिजली कम खर्च हो.' दूसरे दोस्त ने बताया.

राजू- 'मेरी घरवाली की आंख में एक तिनका गिर गया था, उसे निकालने के लिए दस रुपये खर्च करने पड़े.'

मित्र बोला, 'मेरी घरवाली की आंख में एक साड़ी अटक गयी थी, उसे निकालने के लिए एक हजार रुपये खर्च करने पड़े.'

'पापा, मैंने आपके दोस्त को सही समय पर स्टेशन पहुंचा ही दिया.'

'लेकिन बेटा, स्टेशन तो बहुत दूर है और टैक्सी, बस, तांगे सबकी हड़ताल है. तुमने उन्हें ठीक समय पर कैसे पहुंचा दिया?'

'जी, वे कुत्ते से बहुत डरते थे, अपना कुत्ता उनके पीछे दौड़ाता रहा और उन्होंने भागकर ट्रेन पकड़ ली.'


एक महिला - 'आपने जो ताबीज पहन रखी है, वह क्या जन्तर-मन्तर है?'

दूसरी महिला हंस पड़ी, 'नहीं, इसमें मेरे आदमी के बाल हैं.'

पहली महिला आश्चर्य चकित होकर पूछा, 'क्या अब वे नहीं रहे?'

'नहीं, वे तो हैं, पर उनके बाल अब नहीं रहे.'

## फिल्म वर्ग पहेली- 3350



**बायें से दायें:-**

१. 'इश्क कभी करियो' गीत वाली फिल्म-४
४. 'किस कारण नैया डोली' गीतवाली सनी देओल, मीनाक्षी की फिल्म-३
७. मिथुन, रंभा, वैष्णवी की 'कारी कजरारी कंवारी' गीत वाली फिल्म-४
९. 'मैं एक प्यासी' गीत वाली सनी, संजय, धर्मेन्द्र, रवीना, दिव्या की फिल्म-३
११. विनोद खन्ना, शबाना आजमी की अरूणा विकास निर्देशित फिल्म-२
१२. 'जब दिल चुराये कोई' गीत वाली दिनो मोरिया, बिपाशा की फिल्म-३
१४. अनिलकपूर, अक्षय, ऐश्वर्या की 'इस टूटे दिल की पीर' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'मैं इश्क उसका' गीत वाली अर्जुन रामपाल, जायेद, अमीषा की फिल्म-२
१९. सलमान खान, शिल्पा की 'फरियाद क्या करें हम' गीत वाली फिल्म-२
२०. 'प्यार काहे बनाया' गीत वाली विनोद खन्ना, भानुप्रिया की फिल्म-२
२१. 'प्रहार' में डिम्पल का नायक कौन-२
२२. जैकी श्रॉफ, मनीषा कोइराला की 'एक बात बताऊं' गीतवाली फिल्म-३
२४. लक्की अली, गौरी की एक फिल्म-२
२५. फिल्म 'बड़े दिलवाला' में प्रिया गिल के साथ नायक-३
२६. संजयकपूर, माधुरी की 'तूने अगर प्यार से देखा' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'जूली' में प्रियांशु की नायिका-२
२९. जैकी श्रॉफ, डिम्पल कपाड़िया की 'फूल ये कहाँ से' गीत वाली फिल्म-२
३०. 'मेरे चेहरे पे लिखा है' गीत वाली विकास भल्ला, काजोल की फिल्म-३
३२. सनी देओल, अमीषा पटेल की 'घर आजा परदेसी' गीत वाली फिल्म-३
३५. 'राज की बात कह दूं तो' गीत वाली नवीननिश्चल, प्राण, रेखा की फिल्म-२
३६. मिथुन, मधु की तू चीज बड़ी है सख्त सख्त' गीत वाली फिल्म-५

**ऊपर से नीचे:-**

१. संजीवकुमार, विद्या सिन्हा की फिल्म-२
२. 'एक मैं हूं एक तू है' गीत वाली फिल्म-२
३. 'बड़े नाजुक दौर से' गीत वाली अभिषेक, भूमिका चावला की फिल्म-२
४. सनी, शाहरूख खान, जूही चावला फिल्म-२
५. 'तन्हा तन्हा दिल अपना' गीत वाली फिल्म-३
६. तुषार कपूर, अंतरा माली की 'मैं लव तुम से' गीत वाली फिल्म-३
८. 'चूड़े वाली छमिया मिला' गीत वाली सनी देओल, जयाप्रदा की फिल्म-३
१०. फिल्म 'विश्वनाथ' में नायिका कौन थी?-२
१२. मनोजकुमार, नंदा की 'जाने चमन शोला बदन' गीत वाली फिल्म-४
१३. इमरान, शाहबाज, तब्बू की फिल्म-२
१५. परीक्षित साहनी, नूतन की 'एक छोरा है गोरा' गीत वाली फिल्म-३
१६. आफताब, लिसा रे की फिल्म-३
१८. 'बिन साजन झूला झूलू' गीत वाली फिल्म-३
२३. राजेंद्रकुमार, धर्मेन्द्र, मालासिन्हा की 'बोल मेरे साथिया' गीत वाली फिल्म-४
२४. 'जलते हैं जिसके लिये' गीत वाली सुनीलदत्त, नूतन की फिल्म-३
२५. अक्षय, अजय, करिश्मा, नगमा की 'तेरे लिए जानम' गीत वाली फिल्म-३
२७. अक्षय कुमार, करीना, प्रियंका की फिल्म-४
३१. 'कहाँ गये ममता भरेदिन' गीतवाली फिल्म-२
३३. 'बाबूजी जरा धीरे चलो' गीत वाली विवेक ओबेराय, दीया की फिल्म-२
३४. अमिताभ, ओमपुरी, फरदीन, करीना की 'जब नही' गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3349



## सूडोकु -3350


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3349 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

## शब्द पहेली -3350



**बाएँ से दाएँ**

1.कार्य,काम-2
2.अग्नि,अनल-2
3.संग,संगत-2
4.मदिरा,शराब-2
6.चुटीली बात-2
7.उम्मीद-2
8.समाचार,सूचना-3
9.भगवान कृष्ण के खेल-2
10.छाया,परछाई-2
11.कहासुनी-3
12.जी,चित-2
13.निशा-2
14.पासों का खेल-3
16.करीना की फिल्म-2
17.आगे वाला-3
18.सीधा,सरल-2
19.वीर,बहादुर-2
20.दलदल,गाद-3
21.तांत,टेलीग्राम -2
22.वंश,खानदान-2
23.नशा,नशापानी-3
24.चिट्ठी,पत्र-2
26.सही का विलोम-3
27.ठिकाना-2
28.प्राण,दम-2
29.नरक (उर्दू-3)
30.बीता हुआ दिन-2
31.पोखर,तालाब-2
32.हताहत-3
33.दर,मूल्य-2
34.आयु-2
36.अंधकार-2
37.पांव,पैर-2
38.कान्हा-2
39.टैक्स,हाथ-2

**ऊपर से नीचे**

1.समय,वक्त-2
2.आगमन-2
3.पति की मां-2
4.भोर,सवेरा-3
5.झगड़ा-2
6.लॉक,द्वारयंत्र-2
7.धाय,नर्स,दाई-2
8.अवरोध,रुकावट-3
9.मगन,मग्न-2
10.सप्त,सप्तम-2
11.लक्ष्मी,रमा-3
12.मौज,मजा-2
13.महाराजा-2
14.घिसन,रगस-3
15.गमन,जाना-2
16.पुनः,वापस-2
17.स्थिर-3
18.निष्कर्ष-2
19.कांटा-2
20.मूल्य,दाम-3
21.पितामह-2
22.मजदूर-2
23.ईश्वर-3
24.भूल,गलती-2
25.मछली-2
26.नगमा-3
27.क्षण-2
28.पाश-2
29.दूसरा-3
30.थोड़ा-2
31.तांबा-2
32.हमला-2
33.कलंक-2
34.गरम-2
35.मयूर-2

### शब्द पहेली -3349 का हल



# प्रदूषण नियंत्रण मानकों का नियमों के अनुसार पालन करें सभी जिलावासी : डीसी

## वायु गुणवत्ता आयोग द्वारा दिए गए आदेशों को जिला में सख्ती से लागू किया जाएगा

**समाचार गेट/कृष्णा शर्मा**

**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि जिला फरीदाबाद सहित एनसीआर क्षेत्र में ग्रैप के नियम सख्ती से लागू किए जा रहे हैं। इसमें जेनसेट जोकि ग्रैप के नियमों के अनुकूल नहीं हैं, उन डीजल के जेनसेट पर प्रतिबंध होगा। ऐसे में औद्योगिक इकाइयों और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को समय रहते अपने जेनसेट को डीजल से परिवर्तित कर सीएनजी/पीएनजी गैस ईंधन पर आधारित करने तथा नियमानुसार प्रवर्तित करने के दिशा-निर्देश दिए गए हैं।



उन्होंने कहा कि सभी जिलावासी प्रदूषण नियंत्रण मानकों का नियमों के अनुसार पालन करें। डीसी ने जिला के किसानों से अपनी फसल के अवशेषों को न जलाने की अपील करते हुए कहा कि अगर कोई अपनी फसल के अवशेषों को जलाता है तो उस पर नियम अनुसार कार्यवाही की जाएगी। डीसी विक्रम सिंह वायु प्रदूषण की रोकथाम के सम्बन्ध में हरियाणा के मुख्य सचिव विवेक जोशी व वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के चेयरमैन राजेश वर्मा की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंस के उपरांत लघु सचिवालय के सभागार में प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड, कृषि विभाग, पर्यावरण विभाग के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे थे।

डीसी ने कहा कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य फरीदाबाद जिला के संपूर्ण क्षेत्र में वायु गुणवत्ता का सुधार करना है। वायु प्रदूषण छोटे-बड़े उद्योगपति या किसान सहित हर व्यक्ति व उनके परिवारजनों के स्वास्थ्य को हानि पहुंचाता है। वायु गुणवत्ता आयोग द्वारा प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए जो भी सख्त कदम उठाए जा रहे हैं, वे सर्वजन के हित में हैं। वायु गुणवत्ता आयोग किसी भी कृषि क्षेत्र और उद्योगों के खिलाफ नहीं है। परन्तु सभी कृषि क्षेत्रों और औद्योगिक इकाईओं को वायु गुणवत्ता आयोग द्वारा वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिए जो भी दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं, उनका पालन अवश्य करना होगा। वायु प्रदूषण के मुख्य कारण फसलों के अवशेष जलाने, कच्चे रास्तों पर उड़ती धूल, लैंडफिल में आग, कंस्ट्रक्शन-डेमोलिशन वेस्ट है। जिसे पानी का छिडक़ाव आदि अन्य उपाय करके काबू करना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा लागू की गई एडवाइजरी के परिणाम एक दिन में प्राप्त नहीं हो सकते। इसके लिए हमें निरंतर संयुक्त प्रयास करने होंगे।

बैठक में सीईओ जिला परिषद सतबीर मान, कृषि विभाग फरीदाबाद के उप-निदेशक डॉ. अनिल, प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड बल्लभगढ़ के क्षेत्रीय अधिकारी दिनेश, प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड फरीदाबाद के क्षेत्रीय अधिकारी संदीप सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# अवैध कॉलोनी पर चला बुलडोजर, 30 से 40 मकान तोड़े



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद में खेड़ी बेसलवा कॉलोनी के पास बनाई जा रही अवैध कॉलोनी को बुधवार को डिस्टिक टाउन प्लानर और नगर निगम की टीम ने बुलडोजर से गिराया दिया है। डिस्टिक टाउन प्लानर राजिंदर शर्मा ने कहा कि आज करीब 50 से 60 घरों को तोड़ा गया है। डिस्टिक टाउन प्लानर राजिंदर शर्मा ने बताया कि 1 साल पहले यह अनऑथराइज्ड कॉलोनी बनाई जा रही थी। 8 महीने पहले जिन लोगों द्वारा यह कॉलोनी बसाई गई, उन्हें नोटिस और यहां रहने वाले लोगों को भी नोटिस दिया था। जिसके बाद यहां उस समय भी तोडफ़ोड़ की गई थी। उन्होंने कहा कि लोगों को समझाया भी गया था कि यहां पर दोबारा कोई घर ना बनाएं। लेकिन लोग नहीं माने फिर से लोगों ने घर बना लिया। इस लिए आज उन सभी घरों को तोड़ दिया गया है जो अवैध रूप से इस कॉलोनी में बनी हुई थी। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने यह जमीन दूसरे लोगों को बेची है। उन पर भी एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी। क्योंकि लैंड ओनर के खिलाफ ही मामला दर्ज किया जाता है। उन्होंने कहा कि बार-बार किसी को नोटिस नहीं दिया जाता है। एक बार ही नोटिस दिया जाता है। उसे दौरान उस जगह को खाली कर दिया जाता है, तो कोई भी तोडफ़ोड़ नहीं की जाती, लेकिन नोटिस देने के बावजूद भी अगर कोई दोबारा कंस्ट्रक्शन करता है, तो उस पर मामला दर्ज किया जाता है। घर टूटने का विरोध कर रहे है लोगों ने कहा की करीब डेढ़ साल पहले यहां पर अपना घर बनाया था कि एक छत मिलेगी। लेकिन आज कुछ डिपार्टमेंट के लोगों ने उन घरों को तोड़ दिया है। जिसे खून पसीने की कमाई से बनाया गया था। उन्होंने कहा कि कॉलोनी अवैध है या वैध यह पता नहीं था। बेचने वाला तो यह कहकर बेच गया कि यहां पर कोई परेशानी नहीं होगी। आप घर बनाकर रह सकते हैं। उन लोगों के झांसे में आकर यहां पर अपना घर बना लिया और घर बनाने के 1 साल बाद तोडने. के लिए नगर निगम के लोग पहुंच गए।

# बदलती जीवनशैली युवाओं को बना रही डायबिटीज का रोगी

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** ग्रेटर फरीदाबाद सेक्टर 86 स्थित एकॉर्ड अस्पताल में वर्ल्ड डायबिटीज डे पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अस्पताल चेयरमैन डॉ. ऋषि गुप्ता ने बताया कि बदलती जीवनशैली, अत्यधिक बाहर का खानपान, शराब का सेवन युवाओं को डायबिटीज का रोगी बना रही है। जिससे मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। लोग सावधानी बरत कर इस बिमारी से आसानी से बच सकते है।





अस्पताल चेयरमैन डॉ. ऋषि गुप्ता ने बताया कि दो महीने पहले रोजाना जहां डायबिटीज के 25 से 30 मरीज आते थे। इसकी संख्या में 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई हैं। उन्होंने का कि कभी बड़े बुजुर्गों को होने वाली डायबिटीज की बीमारी आज हर उम्र के लोगों को अपने चंगुल में ले रहा है। उनका कहना है कि आज गलत जीवनशैली के कारण लोग इस बीमारी की चपेट में आ रहे हैं। हार्ट अटैक की ज्यादातर गंभीर बीमारियां भी डायबिटीज के कारण होती हैं। शारीरिक मेहनत न करने और तनाव के कारण लोग मोटापा का शिकार होते हैं, फिर डायबिटीज होने लगता है। जीवनशैली में थोड़ा बदलाव कर हम डायबिटीज पर काबू पा सकते हैं। एकॉर्ड अस्पताल की वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. सुंदरी श्रीकांत ने बताया कि डायबिटीज की बीमारी एक दीमक की तरह है, जो बाहर से दिखाई नहीं देती है, लेकिन अंदर ही अंदर सारे शरीर को खत्म कर देती है। इस बीमारी के प्रति लोग ज्यादा गंभीर नहीं दिखाई देते हैं। दवाइयां भी कुछ समय बाद अपनी मर्जी से बंद कर देते हैं। डायबिटीज अन्य बीमारियों को भी न्योता देती है। इसका सबसे ज्यादा असर किडनी पर पड़ता है। डायबिटीज के चलते लोग अंधे हो जाते हैं, गैंगरीन हो जाता है। टाइप-2 डायबिटीज सबसे आम है। यह आमतौर पर 40 वर्ष की आयु के बाद होती है, लेकिन आज यह बीमारी 20 और 30 साल के लोगों में देखने को मिल रही है। इसका मुख्य कारण आनुवांशिक, मोटापा और शारीरिक गतिविधियां न करना है। उन्होंने कहा कि डायबिटीज का पता चलने पर इसे नजरअंदाज न करें। समय-समय पर चेकअप कराएं। संतुलित आहार लें और वजन नियंत्रित रखें। नियमित रूप से व्यायाम करें। इससे बीमारी के खतरे को कम किया जा सकता है। बीमारी के लक्षण - बहुत अधिक प्यास लगना - बार-बार पेशाब आना - त्वचा में बार-बार संक्रमण होना - पेशाब में संक्रमण होना - चोट लगने पर घाव जल्दी ठीक न होना - लगातार वजन घटना - पैरों में झनझनाहट होना - कमजोरी, थकान, आंखों में सूजन

# स्मॉग की चादर से घिरा फरीदाबाद शहर, विजिबिलिटी हुई कम

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** जिले में अचानक मौसम में हुए बदलाव को लेकर के लोग भी असमंजस में है कि आखिर अचानक मौसम में बदलाव कैसे हुआ और आसमान में चारों तरफ स्मॉग की धुंध कैसे छा गई। बता दे कि बुधवार सुबह से ही आसमान में सफेद रंग की धुंध छाई हुई है। अचानक मौसम में हुए बदलाव से आसमान में चारों तरफ स्मॉग की चादर छा गई, सडक़ों और हाईवे पर विजिबिलिटी कम होने लगी




करीब 100 मीटर दूर वाहन कम दिखाई देने लगे। चारों तरफ धुंध छाने की वजह से वाहन चालकों की भी परेशानी बढने. लगी। वहीं अपने कामकाज पर निकले लोगों ने कहा कि यह ठंड की दस्तक नहीं है, पॉल्यूशन ने फरीदाबाद को चारों तरफ से घेर लिया है, आसमान में जो धुंध दिखाई दे रही है, यह कोहरा नहीं है। चारों तरफ दिखाई देने वाली सफेद चादर पॉल्यूशन है, जो अचानक से आसमान में दिखाई देने लगी है। इससे ठंड जैसा मौसम हो गया है, ऐसा लग रहा है, जैसे ठंड आ गई है। वहीं वाहन चालकों ने कहा हाईवे पर स्मॉग की धुंध इतनी ज्यादा है, करीब 100 मीटर दूर तक कुछ नहीं दिखाई दे रहा। कार-बाइक चलाने वाले लोगों को भी परेशानी हो रही है, क्योंकि इस स्मॉग की वजह से विजिबिलिटी भी काम हो गई है। आंखों में जलन भी हो रही है और सांस लेने में भी परेशानी हो रही है। वही आज पॉल्यूशन लेवल की बात करें तो फरीदाबाद का पॉल्यूशन लेवल भी बढक़र 229 पर चला गया है, जबकि रविवार ओर सोमवार को पॉल्यूशन का सस्तर 140 से 190 के बीच रहा। इस बीच पॉल्यूशन की गुणवत्ता भी ठीक थी, लेकिन आज बुधवार से अचानक से आसमान में सफेद रंग की स्मॉग की धुंध छा गई।

# एफएनजी से होगी फरीदाबाद से नोएडा की दूरी मात्र दस किलोमीटर : विक्रम सिंह

## डीसी बोले, इन सडक़ों के बनने से होगी एक दूसरे शहरों की निर्बाध कनेक्टिविटी

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** सडक़ तंत्र का विस्तारीकरण करने की रूपरेखा तैयार करते हुए फरीदाबाद जिला में वाहन चालकों को आने वाले समय में आवागमन की बेहतरीन व्यवस्थित सुविधा प्रदान करने की दिशा में जिला प्रशासन प्रभावी कदम उठा रहा है। निर्बाध रूप से शहरों की एक दूसरे से कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिए डीसी विक्रम सिंह के मार्गदर्शन में योजनाबद्ध तरीके से संबंधित विभाग कार्य कर रहे हैं ताकि जाम मुक्त फरीदाबाद के साथ ही अन्य शहरों से आने वाले आमजन के समय की बचत भी हो सके। डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि फरीदाबाद-नोएडा-गाजियाबाद रूट के साथ ही ईस्टर्न-वेस्टर्न अनइंट्रपटेड रूट पर कुल करीब 2431 करोड़ रूपए की लागत से मजबूत सडक़तंत्र विकसित करने में लोक निर्माण विभाग-भवन एवं सडक़ें तथा फरीदाबाद मैट्रोपोलिटन डेवेलपमेंट ऑथरिटी-एफएमडीए सजगता से कार्य कर रहे हैं। डीसी विक्रम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि फरीदाबाद व गुरूग्राम से अधिकतर लोगों को आवागमन नोएडा की ओर रहता है। फिलहाल यह स्थिति है कि गुरूग्राम से नोएडा के लिए करीब दो घंटे से अधिक तथा फरीदाबाद से नोएडा की दूरी करीब 40 किलोमीटर की है। ऐसे में आमजन को रोजाना सडक़ों पर जाम की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। लोगों की इस परेशानी को समझते हुए लोक निर्माण विभाग-भवन एवं सडक़ें द्वारा फरीदाबाद-नोएडा-गाजियाबाद रूट प्रोजेक्ट पर कार्य शुरू करने की रूपरेखा तैयार कर ली गई है जिसके बनने से फरीदाबाद से नोएडा की दूरी महज 10 किलोमीटर की रह जाएगी और



लोगों को जाम से मुक्ति मिलेगी। करीब 900 करोड़ की धनराशि से फरीदाबाद-नोएडा के इस एफएनजी मार्ग की कनेक्टिविटी फरीदाबाद स्थित अमृता हॉस्पिटल के पास से शुरू होकर नोएडा के सेक्टर 168 तक रहेगी। वहीं ईस्टर्न-वेस्टर्न अनइंट्रपटेड रूट से के बनने से गुरूग्राम तक के लोगों को एफएनजी से सीधा लाभ पहुंचेगा। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि फरीदाबाद शहरी क्षेत्र को जाम मुक्त बनाने वाली ईस्टर्न-वेस्टर्न अनइंट्रपटेड रूट जिलावासियों सहित अन्य शहरों से आने वाले लोगों के लिए भी मजबूत सडक़व्यवस्था का आधार होगा। इस परियोजना का उद्देश्य नहर पार ग्रेटर फरीदाबाद के एरिया तथा फरीदाबाद की कनेक्टिविटी को और मजबूत, सुगम तथा जाम मुक्त करना है। इस परियोजना के तहत 2 रूट प्रस्तावित हैं जिसमें एक बाटा चौक तथा बडख़ल का रूट शामिल है। यह दोनों ही रूट अनइंट्रपटेड-निर्बाध रहेंगे। डीसी ने इस अनइंट्रपटेड रूट के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि बाटा रूट पर चार फ्लाईओवर जोकि मस्जिद चौक, प्याली चौक, हार्डवेयर चौक तथा 15/15ए डीसी रेजिडेंस रोड से इंडियन आयल चौक फ्लाईओवर का निर्माण प्रस्तावित है। वहीं इस रूट पर मस्जिद चौक मुल्ला होटल पर एक कनेक्टिंग फ्लाईओवर तथा गुड ईयर चौक, बाटा चौक(दिल्ली साइड) एवं बीपीटीपी चौक बाईपास रोड पर तीन यू-टर्न और नेशनल हाई-वे पर एक अंडरपास का निर्माण प्रस्तावित है। इस रूट के निर्माण के बाद नहर पार से गुरुग्राम मोड़ तक पहुंचने का समय केवल 10 मिनट ही रहेगा जिस पर अभी 40 से 45 मिनट लगते हैं। यह 9 किलोमीटर लंबा रूट 6 लेन का होगा जिसके निर्माण पर करीब 683 करोड़ रूपए का खर्च होगा। इसी योजना के तहत बडख़ल रूट पर भी कार्य की शुरूआत होगी जिसमें 5 फ्लाईओवर, 5 एलिवेटेड यू-टर्न और 1 कनेक्टिंग फ्लाईओवर का निर्माण प्रस्तावित है। इस रूट पर गुरुग्राम मोड़, सैनिक कॉलोनी टी पॉइंट, बडख़ल गांव, अनखीर चौक तथा 28-29 तिरंगा रोड पर क्रलाईओवर तथा गुरुग्राम मोड़, सैनिक कॉलोनी टी पॉइंट, नेशनल हाईवे पर दिल्ली एवं मथुरा साइड और बाईपास रोड सेक्टर 29 रेडलाइट दिल्ली पल्ला की ओर एलिवेटेड यू टर्न का निर्माण किया जाएगा। इसी के साथ अनखीर चौक पर एक कनेक्टिंग फ्लाईओवर का निर्माण भी प्रस्तावित है। इस 8 किलोमीटर लंबे रूट पर करीब 849 करोड़ रूपए की लागत आएगी। इसके साथ, अप्रोच रोड, सर्विस रोड और ड्रेनेज सुविधाओं को पूरा किया जाना है।

# मुजेसर में ऐतिहासिक बाबा हृदय राम कुंड का जीर्णोधार कार्य का किया निरीक्षण



**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**बल्लबगढ़।** विधानसभा के गांव मुजेसर में ऐतिहासिक बाबा हृदय राम मंदिर के कुंड का जीर्णोधार का कार्य प्रगति पर है। बल्लबगढ़ से विधायक पंश्र मूलचंद शर्मा के प्रयासों से मुख्यमत्री की घोषणाओं पर तेज गति से कार्य चले हुए हैं। बाबा हृदय राम कुंड का जीर्णोधार कार्य तेज गति से चला हुआ है जल्द ही यह एक सुंदर कुंड के रूप में दिखाई देगा,कुंड के साथ-साथ गौशाला का भी जीर्णोधार कार्य किया जा रहा है। इस कार्य का निरीक्षण करते हुए विधायक के बड़े भाई पंश्र टिपरचंद शर्मा ने कहा कि बल्लबगढ़ के विकास में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की घोषणाओं पर भी कार्य शुरू हो चुके हैं जल्द ही चले हुए कार्य पूरे किए जाएंगे। इस मौके पर सुभाष लांबा,रणवीर पहलवान,जगत भूरा सहित गांव के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# डॉक्टरों के सहयोग से नशा दुष्परिणामों से जागरुक करने के लिए चलाया अभियान

## एकॉर्ड व बत्रा अस्पताल के डॉक्टरों की टीम ने किया जागरुक

**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल उषा द्वारा दिए गए दिशा-निर्देश के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए थाना पल्ला व सेक्टर-31 की टीम ने क्रमश: गांव पल्ला व एकता नगर में नशे के दुष्प्रभावों व नशे के आदी युवाओं को नशे छोडने के लिए प्रेरित करते हुए चिकित्सकों की टीम के माध्यम से जागरुकता कार्याक्रम का आयोजन किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि वर्तमान में युवा पीढ़ी नशे की लत में पडती जा रही है। जिससे समाज में नाकारात्मक प्रभाव पड रहे है और एक विकासशील देश के विकास के लिए बाधा बन रहे है। फरीदाबाद पुलिस द्वारा नशा तस्करों पर प्रहार करने के साथ-साथ आमजन को नशे के दुष्परिणामों के बारे में भी जागरुक करके नशे के आदी युवाओं को नशा छोडने के लिए प्रेरित किया




जा रहा है। इसी क्रम में थाना पल्ला व सेक्टर-31 की टीम ने अपने-अपने क्षेत्र क्रमश: गांव पल्ला व एकता नगर में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिन्होने अधिक जानकारी देते हुए बतलाया कि थाना पल्ला की टीम ने गांव पल्ला में नशे के दुष्प्रभाव बारे जागरुक करते हुए एकॉर्ड अस्पताल व रेड क्रॉस सोसाइटी की टीम के माध्यम से आम जन को जागरुक किया है। कार्यक्रम में नशे के आदी युवाओं के साथ साथ अन्य व्यक्तिगण ने भाग लिया, जिनको नशा छोडने के लिए प्रेरित किया गया है तथा नशे के दुष्परिणामों के बारे में बतलाया गया। थाना सेक्टर-31 की टीम ने भी बत्रा अस्पताल के चिकित्सको की टीम के सहयोग से एकता नगर में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। फरीदाबाद पुलिस की आमजन से अपील है कि नशा तस्करो के बारे में फरीदाबाद पुलिस के कैन्ट्रोल रुम नम्बर 9999150000 व 0129-2227200 पर सूचित करे, इसके अतिरिक्त नारकोटिक्स कैन्ट्रोल ब्यूरो हरियाणा के हेल्पलाईन नम्बर 9050891508 पर भी सूचना दे सकते है। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

सेतु मित्तल को समाचार गेट की तरफ से जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

14 नवंबर 2024



समाचार गेट तरफ से सौरभ अग्रवाल को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

14-11-2024



समाचार गेट की तरफ से कपिल मित्तल को जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं

14-11-24



## संपादकीय

# गंगा का मैल और कुंभ का मेला




**नरवीर यादव**
**कार्यकारी संपादक**

गंगा की सफाई, उसे प्रदूषण मुक्त करने एवं नदियों के माध्यम से आर्थिक विकास, धार्मिक आस्था एवं पर्यटन की संभावनाओं को तलाशने की दृष्टि से वर्तमान उत्तरप्रदेश सरकार एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तमाम प्रयासों के बावजूद गंगा आज भी मैली क्यों है? यह सवाल सरकार के नदियों को स्वच्छ बनाने के लिए लंबे समय से चल रही तमाम योजनाओं और कार्यक्रमों की पोल खोलते हैं। सरकार की ओर से घोषणाएं करने में शायद ही कभी कमी की जाती है, मगर उन पर अमल को लेकर कहां चूक या लापरवाही बरती जा रही है, इस पर गौर करना कभी जरूरी नहीं समझा जाता। यह गौर करना राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण की उस टिप्पणी के कारण भी जरूरी हो गया है, जिसमें कहा गया है कि प्रयागराज में गंगा का पानी इतना प्रदूषित हो गया है कि वह आचमन करने लायक भी नहीं रह गया है। एनजीटी का यह खुलासा इसलिये भी चिंता बढ़ाने वाला है क्योंकि कुछ ही माह बाद यानी जनवरी 2025 की पौष पूर्णिमा से प्रयागराज में महाकुंभ की शुरुआत होने वाली है।

कुंभ मेले की तैयारियां अंतिम चरण में हैं और अखाड़ों की सक्रियता बढ़ गई है। महाकुंभ को लेकर देश ही नहीं विदेश में भी खूब चर्चा होती है। यदि गंगाजल की गुणवत्ता को लेकर ऐसे ही सवाल उठते रहे तो देश-दुनिया में अच्छा संदेश नहीं जाएगा। सवाल इस बात को लेकर भी उठेंगे कि विभिन्न सरकारों द्वारा शुरू की गई अनेक महत्वाकांक्षी व भारी-भरकम योजनाओं के बावजूद गंगा को साफ करने में हम सफल क्यों नहीं हो पाए हैं। आखिर कौन है गंगा को प्रदूषित करने के गुनहगार? सरकारों को यह समझना होगा कि उसे केवल गंगा को साफ ही नहीं करना, बल्कि उसकी निर्मलता एवं अविरलता के लिये एक अनूठा उदाहरण भी पेश करना है। ऐसा करके ही देश की अन्य नदियों को भी प्रदूषणमुक्त करने की दिशा में सकारात्मक वातावरण निर्मित किया जा सकेगा। यह जानकारी भी सामने आई कि उत्तरकाशी में सुरंग के निर्माण के कारण ढ़ेर बने मलबे एवं कचरे को गंगा नदी के किनारे डाल दिया गया। औद्योगिक कारखानों का जहरीला कचरा ही नहीं बल्कि सरकार की अन्य विकास योजनाएं ही गंगा को प्रदूषित करने का जरिया बन रही है, जो अधिक शर्मनाक एवं चिन्ताजनक है। गंगा नदी एवं अन्य नदियों में उद्योगों से विभिन्न रसायन, चीनी मिल, भट्टी, गलिस्त्रिन, टिन, पेंट, साबुन, कताई, रेयान, सिल्क, सूत, प्लास्टिक थेलियां-बोतले आदि जहरीला कचरा बड़ी मात्रा में सरकार की चेतावनियों के बावजूद मिल रहा है।

गंगा कायाकल्प का दृष्टिकोण 'अविरल धारा' (सतत प्रवाह), 'निर्मल धारा' (प्रदूषणरहित प्रवाह) को प्राप्त करके और भूगर्भीय और पारिस्थितिक अखंडता को सुनिश्चित करके नदी की अखंडता को बहाल करने की समग्र योजना और रखरखाव के बावजूद गंगा लगातार प्रदूषित हो रही है। जबकि सरकार क्रॉस-सेक्टोरल सहयोग को प्रोत्साहित करने वाली नदी बेसिन रणनीति को लागू करके गंगा नदी के प्रदूषण को समाप्त करने और पुनरोद्धार को सुनिश्चित करने की दिशा में काम कर रही है। यह पानी की गुणवत्ता और पारिस्थितिक रूप से जिम्मेदार विकास को बनाए रखने की दृष्टि से गंगा नदी में न्यूनतम जैविक प्रवाह भी सुनिश्चित करता है। वर्ष 2014 से गंगा की सफाई का महत्वाकांक्षी अभियान 'नमामि गंगे' में अब तक करीब चालीस हजार करोड़ की लागत से गंगा की सफाई की करीब साढ़े चार सौ से अधिक परियोजनाएं आरंभ भी की गई हैं। इस परियोजना के अंतर्गत गंगा के किनारे स्थित शहरों में सीवर व्यवस्था को दुरुस्त करने, उद्योगों द्वारा बहाये जा रहे अपशिष्ट पदार्थों के निस्तारण के लिये शोधन संयंत्र लगाने, गंगा तटों पर वृक्षारोपण, जैव विविधता को बचाने, गंगा घाटों की सफाई के लिये काफी काम तो हुआ लेकिन अपेक्षित परिणाम सामने नहीं आए हैं। जो हमें बताता है कि जब तक समाज में जागरूकता नहीं आएगी और नागरिक अपनी जिम्मेदारी का अहसास नहीं करेंगे, गंगा मैली ही रह जाएगी। अधिकारियों की लापरवाही या फिर गड़बड़ियों की वजह से किसी बड़ी और बेहद महत्वपूर्ण पहलकदमी का भी हासिल शून्य कैसे हो सकता है, इसका उदाहरण गंगा का प्रदूषण है।

दरअसल, लगातार बढ़ती जनसंख्या का दबाव और गंगा तट पर स्थित शहरों में योजनाबद्ध ढंग से जल निकासी व सीवरेज व्यवस्था को अंजाम न दिये जाने से समस्या विकट हुई है। गंगा को साफ करने के लिये जरूरी है कि स्वच्छता अभियान एक निरंतर प्रक्रिया हो। एक बार की सफाई निष्प्रभावी हो जाएगी यदि हम प्रदूषण के कारकों को जड़ से समाप्त नहीं करते। इसके लिये गंगा के तट वाले राज्यों में पर्याप्त जलशोधन संयंत्र युद्ध स्तर पर लगाए जाने चाहिए। साथ ही गंगा सफाई अभियान की नियमित निगरानी होनी चाहिए। इसमें आधुनिक तकनीक का भी सहारा लिया जाना चाहिए।

# ऑल हरियाणा पॉवर कॉरपोरेशनज वर्कर्स यूनियन के आह्वान पर विरोध स्वरूप प्रदर्शन किया गया

**समाचार गेट/हरिओम भारद्वाज**

**होडल।** भाजपा जिला अध्यक्ष श्री चरण सिंह तेवतिया द्वारा पलवल बिजली विभाग में कार्यरत जेई पवन अग्रवाल को धमकाने व अपशब्द बोलने और बिना जांच किए चार्ज शीट करने तथा सस्पैंड किए जाने के विरोध में ऑल हरियाणा पॉवर कॉरपोरेशनज़ वर्कर्स यूनियन के आहवान पर पलवल सर्कल के अधीन तीनों यूनिटों पलवल, होडल और नूंह के सभी 15 सब डिवीजनो पर विरोध स्वरूप प्रदर्शन किया गया। होडल में सब यूनिट उप प्रधान राजबीर सिंह की अध्यक्षता में गेट मीटिंग कर विरोध प्रदर्शन किया गया, जिसका संचालन सचिव महिपाल पंडित जी ने किया।




गेट मीटिंग में उपस्थित बिजली कर्मचारियों को संबोधित करते हुए यूनिट प्रधान नरेन्द्र सौरोत ने बताया कि बिजली विभाग के जेई के खिलाफ एकतरफा कार्यवाही की गई है और भाजपा जिला अध्यक्ष के विरुद्ध अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। जबकि पूरे विवाद की शुरुआत जिला अध्यक्ष की थी। जिस तरह से अमर्यादित शब्दों का प्रयोग जिला अध्यक्ष द्वारा किया गया था। यह किसी भी जिम्मेदार पदाधिकारी को शोभा नहीं देता।

आज हमारा बिजली कर्मचारी आवश्यक संसाधनों के बिना भी बेहतर काम करने के लिए प्रयासरत है। लाइनों पर काम करने के लिए आवश्यक टी एंड पी नहीं है। विभाग में जंफर जोड़ने, फ्यूज़ लगाने के लिए तार भी उपलब्ध नहीं है। जले हुए मीटर व ट्रांसफार्मर चेंज करने के नए मीटर व ट्रांसफार्मर स्टोर में उपलब्ध नहीं है। बेहतर होता कि जिला अध्यक्ष बिजली वालों को धमकाने के बजाह आमजन की सुविधा के लिए विभाग के अधिकारियों से मिलकर आवश्यक सामान उपलब्ध कराते। इससे कर्मचारियों के साथ आमजन भी लाभानवित होते, मगर सत्ता के नशे में चूर बीजेपी नेता अमर्यादित भाषा का प्रयोग करते हुए कर्मचारी के मान सम्मान से खिलवाड़ कर रहे हैं। यूनियन ने निर्णय लिया है कि जब तक जिला अध्यक्ष के खिलाफ कार्यवाही नही होगी, तबतक आंदोलन जारी रहेगा।

आज के प्रदर्शन में पवन फोरमैन, भगत सिंह तेवतिया, रणबीर सिंह, नरेश महलावत, शेर सिंह, भगवान सिंह, तसव्वुर हुसैन, तय्यब हुसैन, जमील खान, रणबीर सिंह, नीरज, लक्ष्मण, हरीश, ओमप्रकाश, टेकचंद, अनूप सिंह, भारत, अशोक के अलावा काफी कर्मचारी मौजूद थे।

# खेडी तलवाना के मिनी चेतक स्टेडियम में 4 दिवसीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन 5 से



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** गोल्डन स्टार फुटबाल क्लब खेडी तलवाना में आगामी 5 से 8 दिसंबर तक 4 दिवसीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। फुटबाल के एनआईएस कोच जसमेर सिंह व सूबेदार मोती कुमार लाटा ने बताया कि महेंद्रगढ जिले में कनीना-दादरी मार्ग स्थित गांव खेडी तलवाना के मिनी चेतक खेल स्टेडियम में आयोजित होने वाली एक पंचायत फुटबाल प्रतियोगिता की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इस प्रतियोगिता में विजेता टीम को 51 हजार तथा उप विजेता टीम को 41 हजार रूपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। टीम में एक पंचायत के खिलाडी शामिल होगें तथा सेमिफाइनल में पराजित होने वाली टीमों को 5100 रूपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जायेगी। टीम का पंजीकरण शुल्क 500 रूपये निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि उनकी ओर से प्रतिवर्ष फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। जिसमें दूरदराज से टीमें हिस्सा लेती हैं। बाहर से आने वाली टीमों के रहने तथा खाने की व्यवस्था क्लब की ओर से की जाती है।

# कार्यकर्ता भाजपा की सबसे बड़ी ताकत : पं. मोहन लाल बड़ौली

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने नूंह जिला से शुरू किया प्रवास कार्यक्रम




**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** भाजपा के सदस्यता अभियान को और गति देने के लिए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने नूंह जिला से प्रवास कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम में बोलते हुए प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने का आग्रह किया। इस दौरान उन्होंने चल रहे सदस्यता अभियान का फीड़बैक भी लिया। नूंह की पहली बैठक में बड़ौली ने कार्यकर्ताओं को भाजपा की सबसे बड़ी ताकत बताया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत के दम पर हम लगातार चुनाव जीत रहे हैं। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष के साथ सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक वेदपाल एडवोकेट भी मौजूद रहे। प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि हरियाणा को 50 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य मिला है। प्रदेश 20 हजार 629 बूथ हैं, प्रत्येक बूथ पर हमें 250 या इससे अधिक लोगों को जोड़ना है। संगठन के इस महापर्व को लेकर जनता में उत्साह है और जनता के दिल में भी 2024 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह करते हुए कहा कि आप लोग घर-घर जाएं, लोगों को पार्टी की विचारधारा से जोड़ें और पार्टी से जुड़ने के लिए प्रेरित करें। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जनता हमारे लिए भगवान, जनता के आशीर्वाद से केंद्र और राज्य में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी है। कार्यकर्ताओं को विजय श्री का श्रेय देते हुए श्री बड़ौली ने कहा कि भाजपा की सरकार बनाने में कई पीढ़ियों का परिश्रम शामिल है। उन्होंने कहा कि 2014 के बाद अब 2024 में संगठन का महापर्व शुरू हुआ है। पिछले 10 वर्षों से हमारी केंद्र व प्रदेश में सरकार है जो जनहित में लगातार काम कर रही है।

बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि प्रदेश में जिला व मंडल स्तर पर कार्यशालाएं हो चुकी हैं। 10 लाख से अधिक लोग भाजपा की सदस्यता ले चुके हैं। सदस्यता अभियान के तहत सभी कार्यकर्ता भी सदस्यता ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों से लोग प्रभावित है। यही कारण है कि इस बार जनता ने भाजपा को स्पष्ट बहुमत की सरकार दी है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आने वाले नगर पालिका, नगरपरिषद, नगर निगम चुनावों में भाजपा की बड़ी जीत होगी। सदस्यता अभियान से हमें हर चुनाव में सफलता मिलनी तय है। श्री बड़ौली ने कहा कि विधानसभा चुनाव का एक्जिट पोल आया तब कांग्रेस काफी खुश हुई थी। उन्होंने कहा कि मैने हर विधानसभा की एक-एक सीट का फीडबैक लिया था, चुनाव में बहुत से प्रवासी प्रभारी आए थे, एक-एक बूथ का हिसाब हमारे पास था। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी की बहुत सारी आंखें हैं, संगठन में भी बहुत सारे हाथ हैं। हमने बड़े दिल से चुनाव लड़ा और कार्यकर्ताओं की मेहनत तथा जनता के आशीर्वाद से हमारी सरकार बनी। इस मौके पर प्रदेश के पूर्व महामंत्री व प्रदेश उपाध्यक्ष सदस्य अभियान के प्रदेश संयोजक वेदपाल एडवोकेट ,नूह जिला संयोजक गोपाल शर्मा ,जिला अध्यक्ष भाजपा नरेंद्र पटेल ,जिला प्रभारी समय सिंह भाटी अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी जाकिर हुसैन पुनहाना से भाजपा प्रत्याशी चौधरी एजाज खान जिला प्रमुख जान मोहम्मद फिरोजपुर झिरका से प्रत्याशी व पूर्व विधायक नसीम अहमद पूर्व डिप्टी स्पीकर चौधरी आजाद मोहम्मद वरिष्ठ भाजपा नेता भानीराम मंगला और पूर्व मंत्री व नूह से विधानसभा प्रत्याशी संजय सिंह प्रदेश कार्यकारी सदस्य चौधरी जाहिद हुसैन पूर्व चेयरमैन औरंगजेब, जिला सदस्यता अभियान संयोजक सुरेंद्र प्रताप आर्य, जिला महामंत्री शिवकुमार आर्य श्रीपाल शर्मा जिला मीडिया प्रभारी गौरव जैन, अध्यक्ष नगर पालिका फिरोजपुर मनीष जैन ,पुनहाना अध्यक्ष बलराज सिंगला, जिला उपाध्यक्ष राजकुमार गर्ग कमल सैनी सुभाष भारद्वाज दलबीर सरपंच, बीरबल भारद्वाज महावीर सैनी मोर्चों के अध्यक्ष रमेश मानवास वीरपाल कालियाका केशव पंडित गोल्डी शर्मा निशा सैनी प्रदेश सचिव अंजू बाला ,जतिन बुसरी, नरदेव आर्य सहित सभी मंडल अध्यक्ष, शक्ति केंद्र प्रमुख व सभी भाजपा पदाधिकारी व सैंकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सब डिवीजन बनने के दस वर्ष बाद भी कनीना में संचालित नहीं हुआ एआईपीआरओ कार्यालय

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना सब डिवीजन बनने के 10 वर्ष बाद सूचना जन संपर्क एवं भाषा विभाग की ओर से असिस्टेंट इंफोरमेशन एंव पर्बलिक रिलेशन ऑफिसर कार्यालय संचालित नहीं किया गया है। जिससे सरकार की जन कल्याणकारी नीतियां आमजन तक नहीं पंहुच पा रही हैं। इस बारे में बीते समय मीडिया कर्मियों ने तत्कालीन विधायक सीताराम यादव एवं एसडीएम सुरेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपकर पदेश के मुख्यमंत्री से कार्यालय खोले जाने की मांग की गई थी। केंद्रीय उर्जा एवं शहरी विकास मंत्री एवं हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के चीफ मीडिया एडवाईजर सुदेश कटारिया ने भी हरियाणा विधानसभा चुनाव के बाद कनीना में शीघ्रता से एआईपीआरओ कार्यालय संचालित करवाने का आश्वासन दिया था। ये कार्यालय खुलने के बाद मीडिया कर्मियों को भी सूचना आदान-प्रदान करने में सुविधा मिलने लगेगी। माना जा रहा है कि जनवरी 2025 तक कनीना के निर्माणाधीन लघु सचिवालय का कार्य पूरा होने के बाद कार्यालय संचालित किया जायेगा।

# डीसी ने ली जिला माइनिंग टास्क फोर्स की बैठक



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** जिला महेंद्रगढ़ में इस समय 8 जगह सरकार द्वारा माइनिंग की मंजूरी दी गई है। इन स्थानों के अलावा कहीं भी माइनिंग की सूचना मिलने पर जिला प्रशासन की संयुक्त टीम कड़ी कार्रवाई करेगी। यह निर्देश उपायुक्त डॉ विवेक भारती ने आज लघु सचिवालय में जिला माइनिंग टास्क फोर्स कमेटी की बैठक में दिए। जिला में अवैध खनन को रोकने के लिए बनाई गई इस टास्क फोर्स के अधिकारियों को संबोधित करते हुए डीसी ने कहा कि अवैध खनन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस, खनन विभाग वन विभाग तथा राजस्व विभाग की टीम समय-समय पर माइनिंग क्षेत्र का संयुक्त निरीक्षण करें। उपायुक्त ने कहा कि दोहान तथा कृष्णावती नदी में रात को टीम लगातार औचक निरीक्षण करें। अंतर राज्य बॉर्डर पर पैमाइश के संबंध में डीसी ने निर्देश दिए कि साथ लगते दोनों सब डिवीजन के एसडीएम व संबंधित अधिकारी मीटिंग बुलाकर पैमाइश की कार्रवाई शुरू करें। बैठक के दौरान जिला मिनिरल फंड के संबंध में भी नए प्रस्ताव पर विचार करने से पहले पिछले कार्यों को संपन्न करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने बताया कि वे खुद भी समय-समय पर फील्ड में वाचन निरीक्षण करेंगे। इस दौरान अतिरिक्त उपायुक्त आनंद कुमार शर्मा, एसडीएम नारनौल डॉ जितेंद्र सिंह, एसडीएम नांगल चौधरी रमित यादव, नगराधीश मनजीत कुमार व जिला खनन अभियंता डॉ. राजेश कुमार के अलावा अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे।

# वेदपाल एडवोकेट ने चौधरी ज़ाकिर हुसैन को सम्मानित किया



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** बुधवार को नूँह में स्थित भाजपा कार्यालय झिर कमल पर आयोजित सदस्यता अभियान को लेकर जिला कार्यकारिणी-बैठक में प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ोली ने भाजपा पदाधिकारियों की तारीफ करते हुए कहा कि पार्टी द्वारा चलाए गए सभी कार्यक्रमों को नूँह जिले के कार्यकर्ताओं ने बखूबी काम किया है और अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया है। सदस्यता अभियान में भी ढाई लाख सदस्यों को पार्टी से जोड़कर इस अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया। नूँह विधानसभा से सबसे ज्यादा भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी ज़ाकिर हुसैन पूर्व विधायक ने अपने रेफरल कोड से सदस्य बनाए हैं, इसके लिए प्रदेश उपाध्यक्ष व सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक वेदपाल एडवोकेट ने उन्हें गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। इसी तरह फिरोजपुर झिरका से नसीम अहमद ने और पुन्हाना से जिला प्रमुख जान मौहम्मद व एजाज खान ने सबसे ज्यादा सदस्य जोड़े हैं। सबसे ज्यादा लोगों को भाजपा से जोड़ने के लिए सम्मानित भी किया।

# भाजपा सदस्यता अभियान के संयोजक वेदपाल एडवोकेट ने जिला प्रमुख जान मोहम्मद को किया सम्मानित

**जिले में सबसे ज्यादा भाजपा सदस्य बनाने के लिए किया सम्मानित**

**कार्यकर्ता भाजपा की सबसे बड़ी ताकत : वेदपाल एडवोकेट**



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** भाजपा के सदस्यता अभियान को और गति देने के लिए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने नूंह जिला से प्रवास कार्यक्रम की शुरूआत की। इस दौरान भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष व भाजपा सदस्यता अभियान के संयोजक वेदपाल एडवोकेट भी मोजूद रहे।

इस दौरान मेवात जिले में भाजपा के सदस्यता अभियान में सबसे ज्यादा लगभग आठ हजार से ज्यादा सदस्यता अभियान में सदस्यों को जोड़ने के लिए जिला प्रमुख जान मोहम्मद को प्रदेश संयोजक वेदपाल एडवोकेट ने गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर जिला प्रमुख जान मोहम्मद ने कहा कि वो भाजपा पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता हैं जो भाजपा के सदस्यता अभियान में लगातार मेहनत से जुड़े हुए हैं।

कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली और सदस्यता अभियान के संयोजक वेदपाल एडवोकेट ने कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने का आग्रह किया। इस दौरान उन्होंने चल रहे सदस्यता अभियान का फीड़बैक भी लिया। नूंह की पहली बैठक में बड़ौली ने कार्यकर्ताओं को भाजपा की सबसे बड़ी ताकत बताया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत के दम पर हम लगातार चुनाव जीत रहे हैं। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष के साथ सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक वेदपाल एडवोकेट भी मौजूद रहे।

प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि हरियाणा को 50 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य मिला है। प्रदेश 20 हजार 629 बूथ हैं, प्रत्येक बूथ पर हमें 250 या इससे अधिक लोगों को जोड़ना है। संगठन के इस महापर्व को लेकर जनता में उत्साह है और जनता के दिल में भी 2024 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह करते हुए कहा कि आप लोग घर-घर जाएं, लोगों को पार्टी की विचारधारा से जोड़ें और पार्टी से जुड़ने के लिए प्रेरित करें।

'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समाचार गेट
को TITLE CODE : HARHIN11569
आवश्यकता है
♦ हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
♦ उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
♦ ग्रामीण संवाददाता ♦ फोटोग्राफर
♦ विज्ञापन प्रतिनिधि
इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
samachargate@gmail.com
Cont.: 9212339503

# कांग्रेस ओबीसी और दलितों का अधिकार छीन कर मुस्लिमों को देना चाहती है: भाजपा

**नई दिल्ली (एजेंसी )।** भाजपा ने कांग्रेस पर मुस्लिम तुष्टिकरण का आरोप लगाया है। महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव के बीच भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने मंगलवार को कांग्रेस पार्टी पर आरोप लगाया कि वह वोट हासिल करने के लिए मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है, देश को बांटने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस ओबीसी और दलितों का अधिकार छीन कर मुस्लिमों को देना चाहती है लेकिन भाजपा ऐसा होने नहीं देगी।



प्रसाद ने नई दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए दावा किया कि देश की सबसे पुरानी पार्टी चुनावों के लिए राष्ट्रीय एकता के विरोधी संगठन के साथ गठबंधन कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस वोट लेने के लिए देश को तोड़ने का काम कर रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के नारे एक रहेंगे तो सुरक्षित रहेंगे को जरूरी बताते हुए कहा कि चुनाव में कांग्रेस पार्टी का सफाया हो रहा है। कांग्रेस ओबीसी और दलितों का अधिकार छीन कर मुस्लिमों को देना चाहती है लेकिन भाजपा ऐसा होने नहीं देगी। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में वहां की कांग्रेस सरकार पब्लिक टेंडर में मुस्लिमों को चार प्रतिशत का आरक्षण देने का फैसला लिया है। धर्म के नाम पर किसी को आरक्षण नहीं दिया जा सकता। वोट बैंक के नाम पर कांग्रेस देश को तोड़ने का काम कर रही है। देश को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है।

**घुसपैठिये के बहाने डराया धमकाया जा रहा**

उन्होंने दावा किया कि जमीयत ए उलेमा जिला लोहरदगा, छोटा नागपुर ने फरमान जारी किया है कि मौजूदा मुल्क के हालात को देखते हुए मरकजी हुकूमत का मुसलमानों के ताल्लुक में जो रवैया है और जिस प्रकार मुसलमानों को एनआरसी, यूसीसी और वक्फ कानून लेकर घुसपैठिये के बहाने डराया धमकाया जा रहा है। उस सिलसिले में जमीयत ए उलेमा, झारखंड से मशवरे के बाद जमीयत ए उलेमा जिला लोहरदगा मूसलमानों से अपील करती है कि मुसलमान एक होकर इंडी गठबंधन के पक्ष में अपना वोट दें। भाजपा नेता ने कहा कि ये झारखंड और महाराष्ट्र की कहानी है। उन्होंने कहा कि ये सारी जमात वही है, जिसने तीन तलाक का भी विरोध किया था। इतने सालों के बाद आज भी कांग्रेस पार्टी न कुछ समझती है और न सुधरती है, बल्कि ऐसे तत्वों के बहाने ही चुनाव जीतने का षड्यंत्र करती है। प्रसाद ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री कहते हैं कि एक रहोगे तो सेफ रहोगे। कांग्रेस इस पर कटाक्ष करती है, चुनाव आयोग में जाती है। एकता से इन्हें परेशानी है, लेकिन देश को तोड़ने वाली ताकतों का खुला समर्थन लेते हैं। यही कांग्रेस और इंडी गठबंधन की सच्चाई है।

# मोदी सरकार हर भारतवासी के स्वास्थ्य के लिए 4 सूत्रों पर काम कर रही : कर्नल राज्यवर्धन राठौड़

जयपुर । राजस्थान सरकार में कैबिनेट मंत्री और झोटवाड़ा से भाजपा विधायक कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा है कि हम सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य व्यवस्था सुनिश्चित कर रहे हैं। इसी कड़ी में जोबनेर में 4.66 करोड़ की लागत से नवनिर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में चिकित्सा सेवाएं शुरू हो गई हैं। इससे क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों को बहुत लाभ होगा। कर्नल राठौड़ का क्षेत्रीय जनता ने इसके लिए आभार जताया है। राठौड़ ने कहा, हम जनता की सेवा और सुविधाओं के लिए कोई कसर नहीं छोड़ने वाले है। यह हमारा वादा है और हम अपने हर वादे पूरे कर रहे हैं। कर्नल राठौड़ ने कहा, मोदी सरकार हर भारतवासी के स्वास्थ्य के लिए 4 सूत्रों पर काम कर रही है। पहला काम हैं, सभी को बीमार होने से बचाना। दूसरा काम हैं, बीमारी की स्थिति में सस्ता और अच्छा इलाज मुहैया करना। तीसरा काम मोदी सरकार कर रही हैं कि बेहतर और आधुनिक अस्पताल, पर्याप्त संख्या में अच्छे डॉक्टर इलाज करे। चौथा काम कर रही हैं कि मिशन मोड पर काम करके चुनौतियों को सुलझाना। कर्नल राठौड़ ने कहा, चाहे आयुष्मान भारत योजना हो,पीएससी, सीएचसी से लेकर वेलनेस सेंटर को मजबूत बनाना हो, योग से स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता पैदा करना हो, या मेडिकल क्षेत्र में सीटों को बढ़ाना हो, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वास्थ्य क्षेत्र को मजबूत कर देश के लोगों के स्वास्थ्य की चिंता की है।



# ट्रेनी डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या मामले की राज्यपाल ने सीएम ममता से मांगी रिपोर्ट

## –आरोपी संजय रॉय ने पूर्व पुलिस आयुक्त गोयल पर लगाए हैं गंभीर आरोप

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में ट्रेनी डॉक्टर से हुए दुष्कर्म और हत्या के मामले में ममता सरकार से तत्काल रिपोर्ट मांगी है। यह मामला तब चर्चा में आया जब मुख्य आरोपी संजय रॉय ने पूर्व पुलिस आयुक्त विनीत गोयल पर गंभीर आरोप लगाए गए। 11 नवंबर को सियालदह कोर्ट में पेशी के बाद संजय रॉय ने पुलिस वैन से बाहर आकर चिल्लाकर कहा था कि इस पूरी घटना की साजिश कोलकाता के पूर्व पुलिस आयुक्त विनीत गोयल ने रची है। संजय रॉय ने आरोप लगाया कि उसे झूठे आरोपों में फंसाया गया है। संजय रॉय ने इससे पहले 4 नवंबर को भी दावा किया था कि ममता सरकार उसे झूठे आरोपों में फंसा रही है और उसे चुप रहने की धमकी दी गई है। यह आरोप पुलिस और राज्य सरकार के लिए चुनौती बन गए हैं। जूनियर डॉक्टरों के विरोध के बाद ममता सरकार ने 17 सितंबर को विनीत गोयल को पुलिस कमिश्नर पद से हटा दिया था। इस मामले में गोयल की भूमिका की जांच जारी है। संजय रॉय द्वारा लगाए गए आरोपों के बाद राज्यपाल ने सीएम से इस मामले में विस्तृत रिपोर्ट मांगी है, जिससे मामले की गंभीरता और सत्यता का पता चल सके। राज्यपाल ने इस घटनाक्रम के बाद ममता सरकार से जल्द रिपोर्ट देने की अपील की है, ताकि आरोपों की जांच की जा सके और मामले में आगे की कार्रवाई की जा सके।

# फिर पटरी से उतरे मालगाड़ी के 11 डिब्बे, 37 ट्रेनें रद्द, मरम्मत कार्य जारी

पेद्दापल्ली। तेलंगाना के पेद्दापल्ली जिले में एक मालगाड़ी के 11 डिब्बे पटरी से उतर गए। यह घटना राघवपुरम और रामागुंडम के बीच उस समय हुई, जब मालगाड़ी लौह अयस्क लेकर जा रही थी। जानकारी के मुताबिक यह हादसा रात करीब 10 बजे हुआ और इस हादसे के चलते यातायात प्रभावित हो गया। 37 ट्रेनें रद्द कर दी गईं, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई ट्रेनों को आंशिक रूप से रद्द, डायवर्ट या रीशेड्यूल भी किया गया है। रेलवे अधिकारियों ने घटनास्थल पर राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया है, ताकि जल्द से जल्द ट्रैक को साफ किया जा सके और ट्रेनों का संचालन फिर से चालू किया जा सके। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि घटना के बाद से ट्रैक की मरम्मत का काम चल रहा है। साथ ही ट्रेन सेवाओं की बहाली के लिए सभी जरुरी कदम उठाए जा रहे हैं। अधिकारियों ने यात्रियों से अपील की है कि वे अपनी यात्रा से पहले ट्रेन की स्थिति और मार्ग की जानकारी जरुर हासिल कर लें। रेलवे पुलिस और एजेंसियां घटना के कारणों की जांच कर रही हैं। जानकारी के मुताबिक मालगाड़ी के डिब्बे पटरी से उतरने का कारण तकनीकी खराबी या अन्य दुर्घटना हो सकती है, लेकिन जांच के बाद ही सही जानकारी मिल सकेगी।

# बिहार के लखीसराय में महिला नक्सली गिरफ्तार

पटना। बिहार पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने मंगलवार को लखीसराय जिले में एक महिला नक्सली को गिरफ्तार किया। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। पीरी बाजार इलाके से गिरफ्तार की गई नक्सली की पहचान जमुई जिले की रहने वाली पंचू कोड़ा के रूप में हुई है। एसटीएफ की ओर से जारी बयान में कहा गया, ''गुप्त सूचना के आधार पर एसटीएफ के अधिकारियों ने पीरी बाजार इलाके में एक परिसर में तलाशी ली और पंचू कोड़ा को गिरफ्तार कर लिया। मुंगेर और लखीसराय जिलों में सुरक्षाकर्मियों के खिलाफ हिंसक घटनाओं में कथित भूमिका के लिए वह वांछित थी।'' बयान में कहा गया, ''मुंगेर और लखीसराय जिलों में शस्त्र अधिनियम से जुड़े कई मामलों में भी पुलिस को उसकी तलाश थी। उससे पूछताछ जारी है।'' एक अलग घटना में, हत्या और शस्त्र अधिनियम के तहत दर्ज मामलों में वांछित मोहम्मद परवेज उर्फ मंटा को मंगलवार को मधेपुरा जिले से गिरफ्तार किया गया। उसपर पुलिस ने 25,000 रुपये का इनाम घोषित किया था। एसटीएफ ने मंगलवार को मधेपुरा के पुरैनी इलाके से मंटा को गिरफ्तार किया। बयान में कहा गया है कि मधेपुरा निवासी मंटा की पुलिस को हत्या और शस्त्र अधिनियम के तहत दर्ज कई मामलों में तलाश थी।

# ईसाई समुदाय के खिलाफ नफरत फैलाने वालों पर डेढ़ साल बाद एफआईआर

## –पोप के अपमान पर हाईकोर्ट ने दिया पुलिस को निर्देश

अहमदाबाद। मेहसाणा जिले के कादी में ईसाई समुदाय के खिलाफ नफरत फैलाने और पोप का अपमान करने वालों के खिलाफ डेढ़ साल पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने यह एफआईआर गुजरात हाईकोर्ट के आदेश के बाद दर्ज की है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज की। कादी पुलिस ने धार्मिक भावनाओं को भड़काने और दो समुदायों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने के इरादे से दुर्भावनापूर्ण कार्य के आरोप में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ आईपीसी की धारा 295ए और 153ए के तहत मामला दर्ज किया है। बता दें कि 15 अक्टूबर को न्यायमूर्ति संदीप भट्ट ने आदेश दिया था कि संबंधित मामले की अधिकारी चार सप्ताह में जांच कर निर्णय लेंगे। इसके दो सप्ताह के भीतर याचिकाकर्ता को जानकारी भी देंगे।

**क्या है मामला –**

अप्रैल 2023 में वडोदरा की एक नन मंजुला तुस्कानो ने अधिवक्ता उत्कर्ष दवे के माध्यम से एक एफआईआर दर्ज करने के लिए हाईकोर्ट में याचिका दायर करते हुए विश्व हिंदू परिषद द्वारा कादी में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान ननों और पोप पर अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए एक अज्ञात वक्ता के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। करीब 100 ननों ने वक्ता के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई की मांग की थी, जिसे ईसाइयों के खिलाफ कथित घृणास्पद भाषण देते हुए एक वायरल वीडियो में देखा जा सकता है। ननों के अनुसार, पुलिस ने शिकायत पर कार्रवाई न करने का आरोप भी लगाया था।

# तमिलनाडु में भारी बारिश के बाद, डेंगू, इन्फ्लूएंजा और वायरल संक्रमण में वृद्धि

**चेन्नई (एजेंसी )।** भारी बारिश के बीच तमिलनाडु के कई जिलों में राज्य स्वास्थ्य विभाग ने डेंगू, इन्फ्लूएंजा और वायरल संक्रमण में वृद्धि संबंधी चेतावनी जारी कर दी है। राजधानी सहित कांचीपुरम, चेंगलपट्टू और तिरुवल्लूर में बुखार, श्वसन संक्रमण और वायरल रोगों के मामलों में वृद्धि देखी गई है। राज्य के विभिन्न हिस्सों से मलेरिया और लेप्टोस्पायरोसिस की रिपोर्ट भी सामने आई है। स्वास्थ्य विभाग ने निवासियों से विशेष रूप से बच्चों के लिए अतिरिक्त सावधानी बरतने को कहा है।

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने तेज बुखार, ठंड लगना, खांसी, गले में खराश, शरीर में दर्द और सिरदर्द जैसे लक्षणों पर ध्यान देने की सलाह दी है। इस तरह के लक्षण अगर आपको दिखाई दें, तब तुरंत डॉक्टर से सलाह लें। चेन्नई के एक निजी अस्पताल के डॉक्टर ने बताया कि अगर बच्चों में देखी जाने वाली सूखी खांसी अक्सर दो सप्ताह से अधिक समय तक बनी रहती है, जो वायरल संक्रमण का संकेत है। उन्होंने कहा कि 17 अक्टूबर को पूर्वोत्तर मानसून की शुरुआत के बाद से बुखार, सिरदर्द और गले के संक्रमण के मामलों में ठीक ठाक वृद्धि देखने को मिल रही है।

डॉक्टर ने बताया कि बुखार उतरने के बाद भी गले में संक्रमण बना रह सकता है और श्वसन, किडनी या लीवर की समस्या जैसी पुरानी बीमारियों से पीड़ित लोगों को अतिरिक्त सावधानी बरतने की जरूरत है। बाहर खाने और पानी पीने से भी बचने की सलाह दी है, क्योंकि बरसात के मौसम में टाइफाइड जैसी जीवाणु संबंधी बीमारियां आसानी से फैल सकती हैं। डाक्टर ने माता-पिता को सलाह दी कि वह अपने बच?चों को केवल साफ और उबला हुआ पानी ही पीने दें।

जनवरी 2024 से तमिलनाडु में डेंगू के 18,000 से ज्यादा मामले दर्ज किए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग ने निवासियों से मच्छरों के प्रजनन को रोकने के लिए अपने घरों के आस-पास जमा पानी को साफ करने को कहा है। स्वास्थ्य मंत्री सुब्रमण्यम ने बताया कि विभाग दस जिलों चेन्नई, कोयंबटूर, कृष्णगिरि, तिरुप्पुर, तिरुवल्लूर, थेनी, मदुरै, तिरुनेलवेली, तंजावुर और तिरुचि में विशेष रूप से नजर बनाए हुए है। यहां से 57 फीसदी मामले सामने दर्ज किए गए हैं।

# महाराष्ट्र चुनाव : पीएम मोदी और भाजपा से पूछे जयराम रमेश ने सवाल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस पार्टी के महासचिव संचार विभाग के अध्यक्ष जयराम रमेश ने पहले झारखंड को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से तीन सवाल पूछे थे इस बार उन्होंने महाराष्ट्र को लेकर सवाल पूछे। जयराम रमेश ने सोशल मीडिया के माध्यम से पीएम मोदी से 3 सवाल किये।




वर्ष 2006 में कांग्रेस ने क्रांतिकारी वन अधिकार अधिनियम पारित किया था। इस कानून ने आदिवासियों और वन में रहने वाले अन्य समुदायों को अपने खुद के जंगलों का प्रबंधन करने और उनसे प्राप्त उपज से आर्थिक रूप से लाभ उठाने का कानूनी अधिकार दिया था। लेकिन भाजपा सरकार इसके कार्यान्वयन में बाधा डालती रही है, जिससे लाखों आदिवासी इसके लाभों से वंचित हो रहे हैं। महाराष्ट्र में कुल फाइल किए गए 4 लाख 01 हजार 46 व्यक्तिगत क्लेम्स में से केवल 52 प्रतिशत (2,06,620 क्लेम्स) मंजूर किए गए हैं। वहीं इसके तहत वितरित की गई भूमि, स्वामित्व सामुदायिक अधिकारों के लिए पात्र 50,045 वर्ग किलोमीटर का केवल 23.5 प्रतिशत (11,769 वर्ग किलोमीटर) है। महाराष्ट्र में भाजपा सरकार राज्य के आदिवासी समुदायों को उनके अधिकार देने में क्यों विफल रही है?

सतारा, सांगली और सोलापुर में पीने के पानी की कमी की समस्या हाल के वर्षों में और गम्भीर हो गई है। मार्च और अप्रैल के बीच, सांगली में टैंकरों की आवश्यकता 13 प्रतिशत, सतारा में 31प्रतिशत और सोलापुर में 84 प्रतिशत बढ़ गई। क्षेत्र के बांध, तालाब और झीलें चिंताजनक रूप से तेज़ी से सूख रहे हैं। सोलापुर में हालात सबसे ज़्यादा ख़राब हैं। शहर के पानी के मुख्य स्रोत, उजानी बांध में पानी की आपूर्ति शून्य से नीचे गिर गई, और बांध में डेड स्टोरेज पर निर्भर रहा। स्थिति इतनी ख़राब हो गई कि सोलापुर नगर निगम को अब बारी-बारी से पीने के पानी की आपूर्ति करनी पड़ी। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पांच से आठ दिनों के अंतराल पर पानी मिल रहा था। भाजपा ने उन हज़ारों लोगों की दुर्दशा को नज़रअंदाज़ क्यों किया है जो पानी की कमी से जूझते हैं? क्या इस स्थिति को सुधारने के लिए उनके पास कोई ठोस योजना है?

महाराष्ट्र में एक दिन में औसतन सात किसान अपना जीवन समाप्त कर लेते हैं। दिल दहला देने वाला यह आंकड़ा किसी और की तरफ़ से नहीं बल्कि राज्य के राहत और पुनर्वास मंत्री की ओर से आया है। उन्होंने बताया कि पिछले साल जनवरी से अक्टूबर के बीच 2,366 किसानों की आत्महत्या से मौत हुई। कारण स्पष्ट हैं- पिछले साल 60 प्रतिशत ज़िलों को सूखे की स्थिति का सामना करना पड़ा लेकिन सरकार से कोई मदद नहीं मिली। पिछले साल 60 फ़ीसदी ज़िलों में सूखे की स्थिति थी लेकिन सरकार की ओर से कोई मदद नहीं मिली। जब राज्य के आधे से ज़्यादा हिस्से में बेमौसम बारिश से फसलें बर्बाद हो गईं, तो किसानों को क़र्ज़ माफी की सुविधा दी गई, लेकिन सॉफ्टवेयर में गड़बड़ी के कारण 6.56 लाख किसान इस राहत से वंचित रह गए। इस तरह की उदासीनता और लापरवाही के सामने कांग्रेस लगातार स्वामीनाथन आयोग की सिफ़ारिशों के अनुसार एमएसपी, क़र्ज़ माफ़ी के लिए एक स्थायी ऋण आयोग की स्थापना का और 30 दिनों के भीतर सभी फ़सल बीमा क्लेम्स के निपटान की गारंटी की गारंटी की बात करती रही है। महाराष्ट्र में भी हमने 'कृषि समृद्धि' की गारंटी दी है। इसके तहत किसानों के 3 लाख रुपए तक के क़र्ज़ माफ़ किए जाएंगे और नियमित ऋण भुगतान करने पर 50 हज़ार रुपए का प्रोत्साहन दिया जाएगा। महाराष्ट्र और भारत के किसानों की बेहतरी के लिए भाजपा के पास क्या विज़न क्या है?

# भाजपा ने शेयर किया देवेंद्र फडणवीस के बैग की चेकिंग का वीडियो, कहा- संविधान का दिखावा करता है विपक्ष

**मुंबई(एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी ने अपने नेता देवेंद्र फडणवीस का एक वीडियो शेयर किया है। यह वीडियो एक एयरपोर्ट का है जिसमें दिखाया गया है कि फडणवीस का बैग चेक किया जा रहा है। भाजपा ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा है कि वह केवल संविधान की किताब हाथ में लेकर दिखावा करते हैं।



भाजपा महाराष्ट्र ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एयरपोर्ट का वीडियो शेयर किया और बताया कि 7 नवंबर को यवतमाल ज़िले में देवेंद्र फडणवीस का बैग चेक किया गया। लेकिन उन्होंने न तो इसका कोई वीडियो बनाया, न ही किसी तरह का हंगामा किया। इससे पहले, 5 नवंबर को कोल्हापुर हवाई अड्डे पर भी देवेंद्र फडणवीस का बैग चेक किया गया था। (यह वीडियो 5 नवंबर का है।) भाजपा ने पोस्ट में आगे कहा कि सिर्फ संविधान की बातें करना ही नहीं, बल्कि संविधान के प्रावधानों का पालन करना भी ज़रूरी है। हमारी बस इतनी सी गुज़ारिश है कि हर किसी को संविधान का सम्मान और पालन करना चाहिए।

उल्लेखनीय है कि हाल ही में शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने एयरपोर्ट पर चुनाव आयोग के कर्मचारियों द्वारा उद्धव ठाकरे के बैग चेक करने पर अपनी प्रतिक्रिया दी थी। उन्होंने कहा था, आप हमारा सामान चेक कीजिए, लेकिन देवेंद्र फडणवीस, एकनाथ शिंदे, अजीत पवार नरेंद्र मोदी और अमित शाह के हेलीकॉप्टर और उनकी गाड़ियों के काफिले को रोककर जांच करते हो क्या?

रिपोर्ट के अनुसार, उद्धव ठाकरे राज्य विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सोमवार को यवतमाल जिले के वाणी में संजय देरकर के प्रचार के लिए पहुंचे थे। हेलीकॉप्टर से उतरते ही चुनाव आयोग के कर्मचारियों ने उनका बैग चेक किया, जिसको लेकर महाराष्ट्र की सियासत गरमाई हुई है। इस दौरान, उद्धव ठाकरे ने कहा था, 'मेरे बैग की जांच की जा रही है। मुझे कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन मेरा सीधा-सा सवाल है कि क्या कभी इस तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बैग की जांच की गई है?' ज्ञात हो कि महाराष्ट्र की कुल 288 विधानसभा सीटों पर 20 नवंबर को मतदान होंगे और नतीजों की घोषणा 23 नवंबर को होगी।

# सड़क, फुटपाथ, रेलवे लाइन या जल निकाय पर अनाधिकृत कब्जे पर जारी रहेगा बुलडोजर एक्शन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोजर एक्शन के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई कर सख्त टिप्पणी की है। शीर्ष अदालत ने कहा कि आरोपी या दोषी का घर नहीं गिराया जा सकता है, यह किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं होगा। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि अपना घर हो, अपना आंगन हो, इस ख्वाब में हर कोई जीता है। सुप्रीम कोर्ट ने दो टूक कहा कि इस मामले में मनमाना रवैया बर्दाश्त नहीं होगा। अधिकारी मनमाने तरीके से काम नहीं कर सकते। बिना सुनवाई आरोपी को दोषी नहीं करार दे सकते है।



अब सवाल उठ रहा है कि क्या सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद बुलडोजर एक्शन पर पूरी तरह से बंद हो जाएगा। लेकिन हम आपको बता रहे हैं कि किस तरह के मामलों में सुप्रीम कोर्ट के द्वारा बताए गए निर्देश नहीं लागू होने वाले है। बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी किए गए दिशा निर्देश सड़क, फुटपाथ, रेलवे लाइन या जल निकाय पर अनाधिकृत कब्जे पर सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देश लागू नहीं होने वाले है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, हम साफ करते हैं कि ये निर्देश उन मामलों में लागू नहीं होने वाले हैं, जहां सड़क, गली, फुटपाथ, रेलवे लाइन से सटे या किसी नदी या जल निकाय जैसे किसी सार्वजनिक स्थान पर कोई अनाधिकृत संरचना है। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आज का फैसला उन मामलों में भी लागू नहीं होगा, जहां न्यायालय द्वारा ध्वस्तीकरण का आदेश दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, अधिकारियों को बताया जाना चाहिए कि अगर बुलडोजर एक्शन कोर्ट के आदेशों का उल्लंघन पाया जाएगा,तब संबंधित अधिकारियों को नुकसान के भुगतान के अलावा ध्वस्त की गई संपत्ति की प्रतिपूर्ति के लिए अपने व्यक्तिगत खर्च पर जिम्मेदार ठहराया जाएगा।

# अंतरिक्ष से दिखा दिल्ली का बढ़ता प्रदूषण, नासा ने भेजी तस्वीर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिकी एजेंसी नासा ने सैटेलाइट के जरिए अंतरिक्ष से दिल्ली के खतरनाक प्रदूषण और पंजाब और हरियाणा में भीषण आग की तस्वीरें शेयर की हैं। तस्वीरों में पंजाब और हरियाणा में पराली जलाने को दिल्ली एनसीआर के वायु प्रदूषण के लिए जिम्मेदार ठहराया गया है। दिल्ली एनसीआर में इस समय लोग खतरनाक वायु प्रदूषण से जूझ रहे हैं। यहां हवा काफी खराब है।

बता दें कि दिल्ली में जैसे-जैसे तापमान गिरता है, वैसे वायु की गुणवत्ता खराब होने लगती है। पराली को रोकने के लिए काफी प्रयासों के बावजूद इस साल भी पराले जलने जैसी घटनाएं आम हैं। दिल्ली में प्रदूषण के बीच नासा के लाइव फायर मैप में पंजाब और हरियाणा में भीषण आग दिखाई दे रही है और इन इलाकों में प्रदूषण भी हो रहा है। इस साल भी अक्टूबर के अंत और नवंबर के पहले सप्ताह में नासा के उपग्रहों ने सिंधु-गंगा के मैदान में आग लगने और धुएं के गुबार पता लगाया है। पराली से पंजाब के घनी आबादी वाले इलाके, उत्तर भारत और पाकिस्तान प्रभावित होते हैं। पंजाब के किसान अक्सर खेतों को गेहूं की फसल के लिए तैयार करने के लिए धान के अवशेषों को जला देते हैं। इससे बहुत ज्यादा प्रदूषण फैलता है।

**कई जगह एक्यूआई 400 से अधिक**

केंद्रीय प्रदूषण एवं नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार राजधानी दिल्ली में बुधवार सुबह 6 बजे तक औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 349 अंक रहा है, जबकि गाजियाबाद में 276, ग्रेटर नोएडा में 289 और नोएडा में 269 अंक है। दिल्ली के आया नगर में सबसे अधिक 406 एक्यूआई है। मौसम विभाग के मुताबिक राजधानी दिल्ली के अधिकतर इलाकों में सुबह 6 बजे तक एक्यूआई लेवल 300 से ऊपर और 400 के बीच रहा है।



# लखीमपुर खीरी कांड के 11 आरोपियों को मिली जमानत

## लखनऊ हाईकोर्ट ने कहा-ट्रायल अभी लंबा चल सकता है, जेल में नहीं रख सकते

**लखनऊ।** लखीमपुर खीरी के तिकुनिया में अक्टूबर 2021 में हुए चर्चित मामले में शामिल 11 आरोपियों को लगभग तीन साल बाद इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने नियमित जमानत दे दी है। इनमें अंकित दास समेत अन्य प्रमुख अभियुक्त शामिल हैं, जो इस मामले में जेल में थे। घटना में आठ लोगों की जान गई थी, जिसके बाद इन सभी को जेल भेजा गया था। सभी आरोपी पहले से ही अंतरिम जमानत पर थे, लेकिन अब कोर्ट ने इन्हें नियमित जमानत भी सशर्त मंजूर की है। अदालत ने स्पष्ट किया कि ट्रायल में सहयोग नहीं करने की स्थिति में जमानत रद्द की जा सकती है। चार किसानों और एक पत्रकार पर चढ़ाई थी थार यह घटना 3 अक्टूबर 2021 की है, जब लखीमपुर खीरी के तिकुनिया में किसान आंदोलन के दौरान तत्कालीन गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी के बेटे आशीष मिश्रा उर्फ मोनू पर आरोप लगा कि उन्होंने प्रदर्शन कर रहे चार किसानों और एक पत्रकार पर थार गाड़ी चढ़ा दी, जिससे उनकी मौत हो गई। इसके बाद गुस्साए प्रदर्शनकारियों ने आशीष मिश्रा के ड्राइवर और दो अन्य लोगों को मार दिया। पुलिस ने जांच के दौरान कई अन्य लोगों के नाम उजागर किए, जिनमें अंकित दास, नंदन सिंह बिष्ट, लतीफ उर्फ काले, सत्यम त्रिपाठी, शेखर भारती, धर्मेंद्र सिंह बंजारा, आशीष



पांडेय, रिंकू राणा, उल्लास कुमार त्रिवेदी, लवकुश, सुमित जायसवाल और शिशुपाल शामिल हैं। विवेचना के बाद इन सभी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। न्यायमूर्ति कृष्ण पहल की एकल पीठ ने सभी अभियुक्तों की जमानत याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई की और नियमित जमानत को मंजूर कर लिया। कोर्ट ने कहा कि सभी आरोपियों को ट्रायल में सहयोग करना होगा, अन्यथा उनकी जमानत निरस्त की जा सकती है। अभियुक्तों के वकील ने कोर्ट को बताया कि इस मामले में कुल 114 गवाह हैं, जिनमें से अभी तक सिर्फ सात गवाहों के बयान ही दर्ज किए गए हैं। तिकुनिया कांड के मुख्य आरोपी आशीष मिश्रा उर्फ मोनू को सुप्रीम कोर्ट ने जुलाई 2024 में नियमित जमानत दे दी थी। इस पर हाई कोर्ट ने भी ध्यान देते हुए अन्य आरोपियों की नियमित जमानत याचिकाएं स्वीकार कर लीं। अंतरिम जमानत पर रिहा रहने के दौरान इन अभियुक्तों के खिलाफ कोई शिकायत भी सामने नहीं आई है, जिससे कोर्ट ने उनकी जमानत की मंजूरी दी। राज्य सरकार और वादी के वकील ने जमानत का विरोध किया था। उनका कहना था कि इन आरोपियों की रिहाई से ट्रायल पर असर पड़ सकता है। हालांकि, कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद यह आदेश दिया कि ट्रायल में सहयोग करने की शर्त पर अभियुक्तों को नियमित जमानत दी जा रही है। अदालत का कहना है कि केस का ट्रायल अभी लंबा चल सकता है। मुख्य आरोपी को पहले ही सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल चुकी है, और अंतरिम जमानत के दौरान अन्य आरोपियों ने शर्तों का पालन किया है।

अब कोर्ट के आदेश के बाद ये सभी 11 आरोपी जेल नहीं जाएंगे, जज ने कहा- बशर्ते वे ट्रायल में सहयोग करें और अदालत की शर्तों का पालन करते रहें।

## स्वच्छ वातावरण के लिए वृक्षारोपण जरूरी : चौकी इंचार्ज गौरव शुक्ल

संवाददाता

**कुशीनगर।** पुलिस चौकी कुशीनगर पर चौकी प्रभारी गौरव शुक्ल ने सह



कर्मियों के साथ पौधरोपण किया। कार्यक्रम को सबोधित करते हुए चौकी प्रभारी कुशीनगर गौरव शुक्ल ने कहा कि वृक्ष हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है और स्वच्छ पर्यावरण और पृथ्वी पर पर्यावरण संतुलन हेतु आवश्यक है। स्वैच्छिक रूप से वृक्षारोपण कर वृक्षारोपण अभियान को सफल करने का आह्वान किया और साथ ही जोर दिया की वृक्षों को लगाने के साथ-साथ उनकी रक्षा भी करनी होगी। पर्यावरण स्वच्छ रह सके और बीमारियों से बचाव हो सके। आरक्षी राहुल पाण्डेय ने बताया कि इन आपदाओं को कम करने के लिए वृक्षारोपण जरूरी है। पर्यावरण को बचाने के लिए हर नागरिक को एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए ताकि पृथ्वी पर प्राकृतिक संतुलन बना रहे। इस प्राकृतिक वातावरण को बचाए रखने के लिए वृक्षारोपण अवश्य करना चाहिए। अगर समय रहते ही प्रकृति को नहीं बचाया गया तो आने वाले दिनों में पृथ्वी पर निवास करने वालो को जल एवं वायु संकट से जूझना पड़ेगा अतः प्रकृति को बचाने के लिए आम लोगों को प्रकृति की रक्षा करने के लिए जागरूक किया जाना चाहिए।\ उन्होंने यह भी कहा कि जहां एक ओर पेड़ पौधे हमें फल और छाया देते हैं, वहीं पेड़ पौधों से हमें विभिन्न प्रकार की औषधियां मिलती हैं। चाहे कोई भी दवा हो, कहीं न कहीं प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से वनस्पतियों से जुड़ी हुई होती है। कार्यक्रम में उपनिरीक्षक सत्य प्रकाश तिवारी, मुख्य आरक्षी दिनेश सिंह ने भी बढ़ चढकर योगदान किया।

# श्रीलंका टेम्पल में बौद्ध भिक्षुओं को किया गया कठिन चीवरदान

संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** बुद्ध स्थली स्थित श्रीलंका बुद्ध बिहार के धम्म हाल में भन्ते डा0 नन्द रतन की देखरेख में आयोजित कठिन चीवरदान कार्यक्रम के अवसर पर भगवान बुद्ध का धम्म पाठ के साथ पूजन किया गया और विश्व शांति की कामना की गई। बुधवार की सुबह भिक्षु संघ के नेतृत्व में थाई, कोरिया, वियतनाम, कम्बोडिया, भारत आदि देशों के बौद्ध भिक्षुओं और उपासकों ने श्रीलंका बुद्ध बिहार से धम्म यात्रा निकाली। बुद्ध की महापरिनिर्वाण मन्दिर पहुंचकर बुद्ध की लेटी प्रतिमा का दर्शन, पूजन कर चीवर चढाया। इसके पश्चात श्रीलंका बुद्ध बिहार के धम्म हाल में भन्ते महेंद्र, भन्ते अशोक, भन्ते आलोक, भन्ते, विनय कीर्ति,



भन्ते शील प्रकाश, भन्ते तेजेन्द्र, भन्ते कुन्चुक लामा, आनन्द भन्ते, थाई भन्ते, भन्ते सागर आदि भिक्षुओं द्वारा धम्म पाठ के बीच दीप प्रज्वलन, त्रिशरण पंचशील और परित्रायण पाठ का आयोजन किया गया। तत्पश्चात प्राकृतिक रूप से बने चीवर का भन्ते गण को दान दिया गया। मुख्य अतिथि एबी ज्ञानेश्वर ने कठिन चिवर दान के महत्व पर प्रकाश डाला। आईपीएस कमाण्डेन्ट 26 वाहिनी गोरखपुर आनन्द कुमार, श्रम उपायुक्त गोरखपुर शक्ति सेन मौर्या, पूर्व विभागाध्यक्ष प्राचीन इतिहास डीडीयूगोविवि प्रो दिग्विजय विजय सिंह, डॉ सच्चिदानंद मौर्य ने बुद्ध के सिद्धांत, बुद्ध कालीन भारत की कला, संस्कृति, महत्व की चर्चा की। आयोजक भन्ते डा0 नन्द रतन ने कहा कि बुद्ध के समय से यह परंपरा कठिन चिवर दान की चली आ रही है। आयोजित मेडिकल कैम्प में चिकित्सकों ने सैकड़ों लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। इस अवसर पर विशाल भंडारे में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। संचालन गिरीश चन्द्र मौर्य ने किया। इस दौरान नथुनी कुशवाहा, विजय कुशवाहा, सत्य नारायण कुशवाहा, राम कृपाल, अशोक, ओम प्रकाश कुशवाहा, राम नगीना, फूल बदन, श्रवण मौर्य, अशोक, गौतम मौर्य, वृजेश कुशवाहा, सत्य नरायण, आदित्य, पुरुषोत्तम कुशवाहा, डॉ मधुसूदन कुशवाहा सहित आदि भिक्षु व उपासक उपस्थित रहे।

# गोवंश किसी भी सूरत में सड़क पर घूमते या बैठे नहीं नजर आने चाहियेः एडीएम जस्टिस


संवाददाता

**हमीरपुर ।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर में जिला सड़क सुरक्षा समिति की नवम बैठक कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में संपन्न हुई। बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक डॉ नागेंद्र नाथ यादव ने कहा कि स्कूलों में बच्चों के लिए चलने वाले वाहनों/ बसों आदि का फिटनेस परीक्षण कर लिया जाए ,स्कूलों में अनफिट वाहन किसी भी दशा में ना चले । कहा कि स्कूलों में छात्र छात्राओं को लाने - ले जाने वाले विद्यालय द्वारा अनुबंधित वाहन नियमानुसार पूर्णतया फिट होना चाहिए साथ ही उसमे सभी वैध प्रपत्र होने चाहिए।



अनफिट गैर मानक वाले वाहन किसी भी दशा में सड़को पर नहीं चलने चाहिए। सड़कों पर गोवंशों के बैठने से दुर्घटनाए होती है अतः पुलिस, राजस्व एवं पशुपालन विभाग की टीम द्वारा यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी दशा में कोई भी गोवंश सड़क पर नहीं बैठना चाहिए, इसकी नियमित रूप से मॉनिटरिंग की जाए। आने वाले ठंड के सीजन में कोहरे के मद्देनजर सड़क सुरक्षा उपायों एंटी स्मॉगर के बेहतर इंतिजाम तय किये जाएं। राठ मोड़ कुछेछा सहित यमुना और बेतवा पुल पर रौशनी का इंतिजाम किया जाय। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विजय शंकर ने कहा कि जनपद में सेतुओं के पास प्रकाश की उचित व्यवस्था रखी जाए ।आबादी क्षेत्र में ,तीव्र मोड़ो पर रिफ्लेक्टर एवं अन्य सुरक्षात्मक उपकरण लगाए जाए । कहा कि दुर्घटना बाहुल्य स्थलों / हॉट स्पॉट का चिन्हांकन कर वहां पर जरूरी यातायात संकेतक , साइन बोर्ड आदि लगवाए जाएं। ओवरलोड वाहनों तथा अनफिट वाहनों पर लगातार प्रवर्तनीय कार्रवाई की जाय। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु सभी विभागों द्वारा समेकित प्रयास किए जाएं ल। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु हर संभव प्रयास किए जाएं । बैठक में एसडीएम सीओ सदर, एआरटीओ प्रवर्तन, प्रशासन, सीओ ट्रैफिक ,राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## कांग्रेस पार्षद ने आम सदन बुलाने की मांग उठाई



**लखनऊ।** कांग्रेस पार्षद दल की नेता ममता चौधरी ने मेयर सुषमा खर्कवाल को पत्र लिखकर आम सदन बुलाने की मांग की है। पार्षद का कहना है कि 2 महीने से ज्यादा समय हो गया है। 30 अगस्त को सदन बुलाया गया था। अब जनता के मुद्दों पर एक बार फिर से सदन बुलाने की जरूरत है। पार्षद ममता चौधरी ने कुछ दिन पहले भी सदन बुलाने की मांग को लेकर मेयर को पत्र लिखा था। दिवाली के बाद शहर में सफाई, सड़क और स्ट्रीट लाइट को लेकर कई जगह से शिकायतें आई थीं। ममता चौधरी ने बताया कि 30 अगस्त को आम सदन का आयोजन हुआ था। दिसंबर के महीने केंद्र और राज्य सरकार का शीत कालीन सत्र शुरू हो जाएगा। जब बड़ा हाउस चलता है तो छोटे को चलाने की अनुमति नहीं है। चौधरी का कहना है कि एक दिसंबर से पहले आम सदन बुलाकर शहर की समस्याओं पर गंभीर चर्चा होनी चाहिए। जिससे कि सभी वार्ड में उसका हल निकाला जा सके। मौजूदा समय डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन और सफाई की स्थिति खराब है।

# लखनऊ में कठौता झील के पास मिला शव

**लखनऊ ।** चिनहट इलाके में एक व्यक्ति का शव मिला है। गले में फंदे लगा था। आस-पास से गुजर रहे लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच कि तो मृतक के पास से लोहिया अस्पताल का एक पर्चा मिला है। इससे उसकी पहचान हुई है। परिजनों ने हत्या आशंका जताते हुए तहरीर दी है। थाना प्रभारी चिनहट भरत पाठक ने बताया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों को सूचना दी गई है। मृतक फूलबाग गुडंबा का रहने वाला है। उसका नाम फरीद अनवर (52) है। उसके कपड़े में लोहिया अस्पताल के पर्चे मिले हैं। बताया जा रहा है कि काफी समय से उसका इलाज चल रहा था। मृतक के चचेरे दामाद इजहार ने बताया कि पत्नी 15 साल पहले अलग हो गई थी। अपने भाई के साथ रहते थे। फरीद के भाई मोईद अनवर ने थाने में तहरीर दी है। उनका कहना है कि मंगलवार को फरीद दोपहर करीब 12:30 बजे लोहिया अस्पताल जाने की बात कहकर निकले थे। शाम 6 बजे फोन पर बात हुई तो बताया कि अभी आ रहे हैं। काफी देर तक नहीं पहुंचे तो 9:30 बजे कॉल की गई । तो बोले बस आ रहे हैं। लेकिन रात 12 बजे मोबाइल नॉट रिचेबल हो गया। बुधवार को मोईद को पुलिस ने जानकारी दी कि कठौता झील के पास एक शव मिला है। परिजनों ने पहुंचकर शव देखा तो उसमें चोट के निशान थे। गले में फंदे था। शरीर के पीछे और पेट पर चोट के निशान थे। आंख के नीचे चोट के निशान था। मौके से परिवार को मोबाइल फोन नहीं मिला। इन चोट को देखते हुए परिवार ने हत्या की आशंका जताई है।

# निक्षय मित्र बन टीबी रोगियों के पोषण की कमी को करे दूरः विशाल भारद्वाज

संवाददाता

**कुशीनगर।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला क्षयरोग विभाग द्वारा टीबी रोगियों को गोद लेने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, मुख्यचिकित्साधिकारी, जिला क्षयरोग अधिकारी द्वारा एक-एक टीबी रोगी तथा इण्डियन मेडिकल एसोसिएशन शाखा कुशीनगर द्वारा 52 टीबी रोगियों एवं जिलापूर्ति विभाग के कोटेदारों द्वारा 5 टीबी रोगी एवं पंचायतीराज विभाग द्वारा 4 टीबी रोगियों सहित कुल 66 टीबी रोगियों में प्रोटीनयुक्त पोषण की पोटली जिसमें गुड़, भुना चना, सत्तू, गजक, मूंगफली का दाना एवं प्रोटीन पाउडर दिया गया। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने कहा कि पोषण की कमी से क्षयरोगियों की संख्या बढ़ती है।अतःजनपद के सभी अधिकारी कर्मचारी,शिक्षक एवं प्रधानगण कोटेदार निक्षय मित्र बनकर टीबी रोगियों के पोषण की कमी को दूर करे। उन्होंने कहा कि आप द्वारा दिये गये पौष्टिक आहार एवं दवा खाकर मरीज शीघ्र स्वस्थ हो जायेगा। जिससे कुशीनगर जनपद प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान में अग्रणी भूमिका में आ जायेगा। उन्होंने ने कहा कि गोद लेना वाला व्यक्ति मरीज के सम्पर्क में रहे तथा सरकार द्वारा प्रदत्त सभी सुविधाएं उसे मिल रही है कि



नही,इसे भी देखे और उसमें कोई कमी हो तो क्षयरोग विभाग को सूचना दे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी ने कहा कि इस पुनीत कार्य मे सभी को सहयोग करना चाहिये जिससे टीबी रोगियों को आपसे एक भावनात्मक लगाव जुड़ जाता है। अध्यक्षता कर रहे सीएमओ डॉ सुरेश पटारिया ने कहा कि हमारा जनपद राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम में लगातार बेहतर प्रयास कर रहा है तथा टीबी रोगियों को सभी सरकारी सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है। कार्यक्रम को अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्र, आईएमए के अध्यक्ष डॉ जी.पी.राय,सचिव डॉ वाई.के.मद्देशिया ने भी सम्बोधित किया।

कार्यक्रम का संचालन अनूप मिश्र ने किया। आगन्तुको का स्वागत जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ एस. एन. त्रिपाठी तथा आभार जिला कार्यक्रम समन्वयक अनुपम मिश्र ने व्यक्त किया। गोद लेने वालों में आईएमए के डॉ अजय शुक्ला, डॉ दिव्या शुक्ला, डॉ राजीव मिश्र, डॉ यशा मिश्रा, डॉ भावना गुप्ता, डॉ अशोक सिंह, डॉ पी एन गुप्ता, डॉ आर एस यादव, डॉ सन्दीप अरुण, डॉ सुरभि, डॉ विवेक सिंह, डॉ संजय जयसवाल, डॉ रूपम, डॉ प्रवीन राव, डॉ रूचिका सिंह,बडॉ ऋचा बर्नवाल, डॉ गिरिजेश जयसवाल, डॉ वी के सिंह, डॉ अब्दुल समद आदि एवं कोटेदार देवेंद्र मिश्र, अरविंद प्रसाद, विजय, हरि प्रसाद,माया देवी पंचायत विभाग से एडीओ मैनेजर सिंह,सतीश राय आदि। इस दौरान आशुतोष मिश्र, नितेश राय, चंद्रशेखर यादव, विशाल जयसवाल, अमित राय, विवेक यादव, सन्दीप मौर्या, सन्तोष यादव, प्रभु,राजा आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त डायरी

### कुमति का निवारण कर सुमति प्रदान करते हैं हनुमानः त्रियुगीनारायण मणि



संवाददाता

**कुशीनगर।** फाजिलनगर क्षेत्र के भठहीं खुर्द स्थित शुकदेव प्रसाद त्रिपाठी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के सातवें दिन प्रवचन करते हुए कथा व्यास त्रियुगीनारायण मणि त्रिपाठी ने कहा कि भगवान को प्राप्त करने के लिए पहले संत की शरण में जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि राम भक्ति से पहले हनुमान भक्ति आवश्यक है, क्योंकि हनुमान जी की सेवा से सभी कार्य सरल हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि हनुमान जी ऐसे देवता हैं जो भक्तों का कल्याण करते हैं। वे महावीर, विक्रम, बजरंगी हैं जो कुमति का निवारण कर सुमति प्रदान करते हैं। त्रिपाठी ने हनुमान जी के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने भगवान राम को सुग्रीव से मिलवाया, जिससे सुग्रीव राजा बने। हनुमान जी ने सीता जी की खोज के दौरान विभीषण को कर्मयोग की शिक्षा दी और धर्म की स्थापना में योगदान दिया। आचार्य पंडित त्रियुगीनारायण मणि त्रिपाठी ने कहा कि हनुमान जी की भक्ति से सभी सिद्धियां प्राप्त की जा सकती हैं और उनके उपासना से जीवन के सभी क्लेश समाप्त हो जाते हैं। उन्होंने बल, बुद्धि और विद्या प्राप्त करने के लिए हनुमान जी की शरण में जाने का आह्वान किया। इस अवसर पर ब्रह्मर्षि पंडित भोला प्रसाद त्रिपाठी, पंडित सुभाष प्रसाद त्रिपाठी, डॉ निर्मला त्रिपाठी, विश्वामित्र त्रिपाठी, रमेश त्रिपाठी, अवधेश त्रिपाठी, ब्रजेश त्रिपाठी, अमरेश त्रिपाठी, गिरिजेश त्रिपाठी, उद्धव त्रिपाठी, शीला त्रिपाठी, श्वेता त्रिपाठी, डॉ शैलेन्द्र कुमार मिश्र, डॉ नीरज पाण्डेय, राजकिशोर पाण्डेय, उमेश तिवारी, प्रदीप दूबे, डॉ पुष्पा मिश्रा, अंजन मिश्र, सर्वेश दुबे, प्रिन्स दूबे, सत्यांक तिवारी, रामेश्वर प्रसाद, आनन्द मिश्र, छोटेलाल, सच्चिदानन्द राय, आलोक चौबे, गौरीशंकर लाल, अंजुम आरा, ब्रजेश मिश्रा, डॉ दिलीप तिवारी, अमित त्रिपाठी, अभिनन्दन मिश्र, दीपू शुक्ल सहित महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

### डांस और गायिकी का उच्च माध्यमिक विद्यालय इस्लामिया में हुआ आयोजन





संवाददाता

**हमीरपुर ।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर में मिशन शक्ति फेज-5 के तहत (बाल कार्निवाल) 10 नवम्बर से 14 नवम्बर तक मनाया जा रहा है, जिसके चलते 12 नवंबर 2024 को उच्च माध्यमिक विद्यालय इस्लामियां में नृत्य और गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जबकि कार्यक्रम में फर्स्ट और सेकेंड प्राईज से बच्चों को नवाजकर उनका हौसला बढाया गया, हालांकि इस कार्यक्रम को कामयाब बनाने में खासतौर से स्कूल स्टाफ सहित सफवान अहमद (डीसी), रचना बाजपेयी(काउंसलर), दीक्षा सिंह(केस वर्कर) ने पूरा सहयोग किया।

### गैंगस्टर एक्ट के तीन हिस्ट्रीशीटर अपराधियों को सात-सात साल की सख्त सजा के साथ ही पन्द्रह हजार रुपये का हुआ जुमार्ना

संवाददाता

**हमीरपुर ।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर में कुरारा थाने के तीन हिसट्रीशीटर 193ए गैंगस्टर अपराधी हरिओम पुत्र मुंशी सिंह, शिवराम पुत्र मुंशी सिंह सहित बल्लू सिंह पुत्र शिवराम सिंह को एफटीसी फर्स्ट गैंगस्टर अदालत हमीरपुर के स्कालर जज मनोज कुमार शासन ने सात-सात साल की सख्त सजा के साथ ही पन्द्रह हजार रुपये का किया जुमार्ना। जबकि अभियुक्त हरिओम पहले से ही हमीरपुर जिला जेल में बंद है, वहीं अभियुक्त शिवराम और बल्लू सिंह अभी तक जमानत पर बाहर थे,



एडीजीसी- सुशील कुमार त्रिपाठी

लेकिन स्कालर जज ने अब सजा सुनाये जाने के बाद दोनों आभियुक्तों के बेल बाउंड निरस्त कर दिये हैं। गौरतलब है कि तीनों गैंगस्टर हिस्ट्रीशीटर अपराधियों को सजा दिलाने में अभियोजन की तरफ से एडीजीसी सुशील कुमार त्रिपाठी की दमदार पैरवी का खास योगदान और भूमिका रही है। जिसके बाद बचाव पक्ष की दलीलों की हवा निकल गई, जबकि इस मामले की जांच तत्कालीन इंस्पेक्टर अनूप कुमार सिंह ने पूरी करने के बाद अदालत में चार्जशीट दाखिल कर अपराधियों को कड़ी सजा दिलाये जाने की मांग की थी। गौरतलब है कि तीनों शातिर अपराधी अपनी दबंगई के चलते समाज में दहशत फैलाने के इरादे से गैंग बनाकर आये दिन किसी न किसी बेगुनाह को अपना शिकार बनाकर मारपीट की घटनाओं को अंजाम देने के साथ ही समाज विरोधी कार्यों में लिप्त रहते थे, जबकि कुरारा थाने के तत्कालीन थानाध्यक्ष राकेश सरोज ने 9 मार्च 2015 को कुरारा थाना क्षेत्र के शंकरपुर निवासी हरिओम सिंह, शिवराम सिंह, बल्लू सिंह सहित तीनों अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करते हुये मु०अ०सं०388/2015 दर्ज कराया था। जबकि आपरेशन कन्विक्शन के तहत स्कालर जज ने तीनों हिस्ट्रीशीटर गैंगस्टर अपराधियों को गुनाहगार मानते हुये 12 नवंबर 2024 को सात-सात साल की सख्त सजा के साथ ही पन्द्रह हजार रुपये का जुमार्ना भी किया।

### लखनऊ में डेंगू से नर्सरी के छात्र की मौत

**लखनऊ ।** फैजुल्लागंज में डेंगू से एक और मौत हो गई। निजी स्कूल में नर्सरी के छात्र की डेंगू से मौत होने की खबर आते ही स्कूल में शोक सभा कर छुट्टी कर दी गई है।

सरकारी आंकड़ों में इस सीजन में अब तक 2370 डेंगू संक्रमित मरीज सामने आ चुके हैं। वहीं, राजधानी के फैजुल्लागंज में डेंगू से यह तीसरी मौत है। हालांकि सीएमओ ऑफिस की तरफ से कहा गया कि डेथ ऑडिट के बाद ही मौत का सही वजह पता चल सकेगी। सीएमओ कार्यालय से जारी रिपोर्ट के मुताबिक डेंगू के सबसे अधिक आलमबाग में 7, इंदिरा नगर में 6, अलीगंज में 7 मरीज मिले हैं। इसके अलावा हजरतगंज में 3, चिनहट और बीकेटी में 2-2 मरीज मिले हैं। वहीं, मलेरिया का एक मरीज इंदिरा नगर में मिला है।

## संक्षिप्त समाचार

### एडीबी ने मालदीव को दिया 21.95 मिलियन डॉलर का ऋण-अनुदान

**मनीला, एजेंसी।** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने सोमवार को कहा कि उसने मालदीव की जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से निपटने की क्षमता बढ़ाने और उसकी खाद्य प्रणालियों की स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए 21.95 मिलियन डॉलर के वित्तपोषण पैकेज को मंजूरी दी है। एडीबी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि वित्तपोषण पैकेज में चार मिलियन डॉलर का रियायती ऋण और 17.95 मिलियन डॉलर का अनुदान शामिल है। मनीला स्थित बैंक ने कहा कि जलवायु लचीलापन और खाद्य सुरक्षा बढ़ाने वाली परियोजना, अड्डू शहर और माले में पूर्व चेतावनी प्रणालियों को उन्नत करके आपदाओं और जलवायु परिवर्तन के प्रति देश की स्थिति को मजबूत करेगी। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के मुताबिक, इन उपायों से मालदीव मौसम सेवा को रियल टाइम मौसम निगरानी और अग्रिम चेतावनी प्रणाली स्थापित करने में मदद मिलेगी। यह परियोजना उत्तरी मालदीव के सबसे अधिक आबादी वाले द्वीप कुल्हुधुफ्फुशी को भी बाढ़ सुरक्षा और प्रबंधन में सुधार करने में मदद करेगी। इसके लिए जल निकासी और फिल्टरेशन प्रणालियों का निर्माण, मैंग्रोव क्षेत्रों को बहाल करना और अन्य प्रकृति-आधारित समाधान प्रस्तुत करना शामिल है। तटीय संरक्षण और रेत प्रतिधारण के लिए कृत्रिम चट्टानें और बरम जैसी अपतटीय और निकटवर्ती अवसंरचनाओं का निर्माण किया जाएगा। एडीबी के मुताबिक, दीर्घकालिक खाद्य सुरक्षा हासिल करने में मदद के लिए, एडीबी हा धालू और अड्डू एटोल में जलवायु-स्मार्ट शहरी कृषि प्रौद्योगिकियों और प्रथाओं को पेश करेगा।

### अल-कादिर ट्रस्ट मामले में अदालत ने इमरान खान और बुशरा बीबी को 14 पन्नों की प्रश्नावली सौंपी

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** नवंबर पाकिस्तान की एक अदालत ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को 19 करोड़ पौंड के निपटान मामले में 14 पन्नों की प्रश्नावली सौंपी है। 'द न्यूज' अंतरराष्ट्रीय समाचार पत्र की रविवार की खबर के मुताबिक, प्रश्नावली में अल-कादिर ट्रस्ट मामले से संबंधित 79 सवाल पूछे गये हैं। खबर में बताया गया कि यह प्रश्नावली खान और उनकी पत्नी के अंतिम बयानों के लिए मुहैया कराई गई थी। ऐसा आरोप है कि खान और उनकी पत्नी ने एक रियल एस्टेट कारोबारी की मदद करते हुए देश को 19 करोड़ पौंड से अधिक का नुकसान पहुंचाया। खान के वकील सलमान सफदर ने पिछली सुनवाई में खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी की मौजूदगी में प्रश्नावली प्राप्त की। आरोपी दंपति को सोमवार को अदालत में अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया गया। रावलपिंडी स्थित जवाबदेही अदालत ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टीके संस्थापक से प्रश्नावली में पूछा कि क्या उन्होंने और उनके सहयोगियों ने पाकिस्तान के विकास के लिए मिले 19 करोड़ पौंड में से 17.15 करोड़ पौंड का अवैध और बेईमानी से हस्तांतरण करने के बदले में 57.25 एकड़ भूमि सहित अन्य अर्थिक लाभ प्राप्त किया।

### नीदरलैंड में लोगों ने इजराइली प्रशंसकों को बनाया निशाना, हिंसा के बाद 'ट्राम में लगाई आग

**एम्सटर्डम, एजेंसी।** नीदरलैंड की राजधानी एम्सटर्डम में सोमवार को कई लोगों ने एक 'ट्राम में आग लगा दी। शहर में पिछले सप्ताह इजराइल के एक फुटबॉल क्लब के प्रशंसकों को निशाना बनाकर की गई हिंसा के बाद तनाव की स्थिति है। पुलिस के अनुसार, आग को तुरंत बुझा दिया गया और दंगा नियंत्रण अधिकारियों ने चौक को खाली करा दिया। सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरों में लोग ट्राम को नुकसान पहुंचाते और पटाखे जलाते हुए नजर आ रहे हैं। पुलिस ने कहा कि अशांति फैलाना किसने शुरू किया और क्या पिछले सप्ताह हुई घटना से इसका कोई संबंध है, इसको लेकर फिलहाल कुछ स्पष्ट नहीं हुआ है। मैकाबी तेल अवीव अजाक्स मैच के बाद पिछले सप्ताह बृहस्पतिवार को हुई हिंसा में घायल हुए पांच लोगों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया और हिंसा के संबंध में कई लोगों को हिरासत में लिया गया है। नीदरलैंड पुलिस ने पिछले सप्ताह हुई हिंसा के मामले में सोमवार को पांच नयी गिरफ्तारियां की हैं, जिसमें से चार लोग अब भी हिरासत में हैं और पांचवें को रिहा किया गया है।

### रूस का ट्रंप-पुतिन बातचीत से इनकार

**मॉस्को, एजेंसी।** रूस ने अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूसी प्रेसिडेंट व्लादिमीर पुतिन के बीच फोन पर बातचीत की खबरों को कोरी कल्पना करार देते हुए खारिज कर दिया। अमेरिकी मीडियो रिपोर्ट्स में दोनों नेताओं के बीच बातचीत का दावा किया गया था। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने मॉस्को में मीडिया से कहा, कोई बातचीत नहीं हुई... यह पूरी तरह से झूठ है, यह कोरी कल्पना है। रूसी राष्ट्रपति के प्रेस सचिव ने अमेरिकी मीडिया प्रकाशनों की विश्वसनीयता पर भी सवाल उठाया, जिन्होंने दोनों नेताओं के बीच कथित बातचीत की रिपोर्ट प्रकाशित की थी। रूस की समाचार एजेंसी तास ने पेस्कोव के हवाले से कहा, यह वर्तमान में प्रकाशित होने वाली सूचनाओं की गुणवत्ता का सबसे स्पष्ट उदाहरण है, कभी-कभी तो काफी प्रतिष्ठित प्रकाशनों में भी। एक प्रमुख अमेरिकी मीडिया प्रकाशन ने रविवार देर रात दावा किया कि ट्रंप ने फ्लोरिडा में अपने मार-ए-लागो एस्टेट से पुतिन को फोन किया था। यह डेमोक्रेटिक उम्मीदवार कमला हैरिस पर निर्णायक चुनावी जीत के बाद रूसी नेता को उनकी पहली कॉल थी।

## मॉरीशस चुनाव में नवीन रामगुलाम को जीत: एक भी सीट नहीं जीती प्रधानमंत्री प्रविंद जुगनाथ की पार्टी

**पोर्ट लुइस, एजेंसी।** मॉरीशस में 10 नवंबर को संसदीय चुनाव हुए थे। मॉरीशस की न्यूज वेबसाइट ले मौरिसियन के मुताबिक इसमें लेबर पार्टी के नेता और पूर्व प्रधानमंत्री नवीन रामगुलाम को जीत मिली है। वहीं, मौजूदा प्रधानमंत्री प्रविंद जुगनाथ की पार्टी सोशलिस्ट मूवमेंट को एक सीट भी नहीं मिल पाई है।



प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को मॉरीशस संसदीय चुनाव में एतिहासिक जीत हासिल करने के लिए नवीन रामगुलाम को बधाई दी है और उन्हें भारत आने का न्योता दिया है। मोदी ने कहा कि वे दोनों देशों के बीच साझेदारी को मजबूत करने के लिए साथ काम करने को लेकर उत्सुक हैं।पिछले महीने मॉरीशस में सोशल मीडिया पर कुछ ऑडियो टेप वायरल हो गए थे। इसमें सरकार पर भ्रष्टाचार से जुड़े कई आरोप लगाए गए थे। इससे देश में नकारात्मक माहौल बना जिससे पार्टी को चुनाव में काफी नुकसान हुआ।

मॉरीशन में क्या है बीएलएस सिस्टम जहां हारने वाली पार्टी को सांसद बनाया जाता है मॉरीशस की संसद में 70 सीटे हैं। लेकिन सिर्फ 62 सीटों पर चुनाव होते हैं। इस बार के चुनाव में रामगुलाम की लेबर पार्टी के 'एलायंस डु चेंजमेंट' गठबंधन को 62 सीटों पर जीत हासिल हुई है। वहीं, जुगनाथ के गठबंधन लेलेप को एक भी सीट हासिल नहीं हुई है। एक और पार्टी 'ओपीआर' को 2 सीटों पर जीत मिली है। मॉरीशस में भारतीय मूल के लोग बहुसंख्यक हैं। आजादी के समय वहां के लोगों को चिंता थी कि संसद में भारतीय मूल के लोगों का हमेशा वर्चस्व रहेगा और बाकी सत्ता में भागीदार नहीं बन पाएंगे। उनकी चिंता को दूर करने के लिए मॉरीशस में बेटर लूजर सिस्टम (बीएलएस) अपनाया गया था। इसके तहत 8 सीटों पर पिछड़े समुदाय के लोगों को प्रतिनिधित्व दिया जाता है। पीएम जुगनाथ ने हार मानी, पिता ने 7 साल पहले प्रधानमंत्री बनाया था पीएम जुगनाथ ने संसदीय चुनाव में हार स्वीकार कर ली है। उन्होंने कहा- मैं देश को आग बढ़ाने के लिए जो भी कर सकता था, किया। लेकिन लोगों ने दूसरी पार्टी को विजयी बनाने का फैसला किया है। मैं देश के लोगों को शुभकामनाएं देता हूं।

जुगनाथ 2017 से देश के प्रधानमंत्री थे। उन्हें उनके पिता ने अपनी जगह प्रधानमंत्री बनाया था। इसके बाद वे 2019 में चुनाव जीते थे। पिछले महीने ही मॉरीशस ने ब्रिटेन से विवादित चागोस द्वीप समूह का कंट्रोल हासिल किया था। चुनाव में वे इसे भुनाने की कोशिश भी कर रहे थे, लेकिन उनकी पार्टी एक बड़े विवाद में घिर गई। मिस्सी मुस्टास नाम के एक यूट्यूब चैनल ने अक्टूबर में देश के बड़े नेताओं, वकीलों, अधिकारियों और पत्रकारों के फोन टेप लीक किए। लीक टेप में कई खुलासे हुए थे।

एक चर्चित मामला पुलिस अफसर का था जिसने एक फोरेंसिक डॉक्टर को हिरासत में पिटाई की वजह से मारे गए शख्स की रिपोर्ट बदलने को कहा था। इससे सरकार की खूब किरकिरी हुई। हालांकि जुगनाथ सरकार ने कहा कि ये रिकॉर्डिंग असली नहीं है, इन्हें ढ्ढ की मदद से तैयार किया गया है। इसके बाद 31 अक्टूबर को पूरे देश में सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगा दिया गया। यह प्रतिबंध 11 नवंबर तक जारी रहा।

**नवीन रामगुलाम तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे :** जुगनाथ और रामगुलाम दोनों उन परिवारों से आते हैं, जिन्होंने 1968 में ब्रिटेन से आजादी के बाद मॉरीशस की राजनीति पर अपना प्रभुत्व जमाया है। 77 साल के रामगुलाम, सिवसागर रामगुलाम के बेटे हैं, जिन्होंने मॉरीशस को आजादी दिलाई थी। रामगुलाम तीसरी बार पीएम बनेंगे। भारत ने मॉरीशस की आजादी के पहले से ही उसके साथ बेहतर संबंध बनाए रखे हैं। इसकी अहम वजह वहां पर भारतीय मूल के लोगों की आबादी का वर्चस्व होना है। ब्रिटेन भारत से मजदूरों को मॉरीशस ले गए थे। फिलहाल वहां की 12 लाख की आबादी में से 70 प्रतिशत भारतीय मूल के लोग हैं।

## सऊदी अरब के रेगिस्तान में होने लगी बर्फ की बारिश, अद्भुत नजारा देख लोग हुए हैरान

**अल-जौफ, एजेंसी।** दुनिया में हर रोज नए-नए अजूबे और अद्भुत करिश्मे देखने को मिलते हैं। कहीं रेगिस्तान में तुफान



आया है, तो कहीं बेमौसम बारिश आई है। ऐसे में सऊदी अरब के अल-जौफ में पहली बार बर्फ की बारिश देखने को मिली है। इसके बाद भारी बारिश और ओलावृष्टि ने पूरे इलाके को बर्फ की चादर से ढक दिया। वहीं, एक मां द्वारा बच्ची के साथ ऐसी निर्दयीता करने को लेकर महिलाओ में खासी नाराजगी देखने को मिल रही हैं। महिलाएं रोशनी की मानसिक हालत का इलाज कराने की बात कह रही हैं। स्नोफॉल की ये घटना न केवल स्थानीय लोगों को हैरान कर रही है, बल्कि दुनियाभर के लोगों के लिए भी चर्चा का विषय बन गई है। बता दें, रेगिस्तान में बर्फबारी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर काफी ज्यादा वायरल हो रही हैं, जिसे देख आप कहेंगे ये तो मनाली जैसा लग रहा है।

**अल-जौफ में हुई बर्फबारी :** ?मिडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अल-जौफ क्षेत्र में कुछ दिनों से भारी बारिश और बर्फबारी देखने को मिल रही है। इस बर्फबारी की वजह से रेगिस्तान पर सफेद बर्फ की चादर सी बिछ चुकी है। ऐसा दावा किया जा रहा है, इस तरह की बर्फबारी यहां कभी नहीं देखी गई। और बढ़िया बात तो ये है, जहां ये जगह हमेशा तपती रहती है, वहीं बर्फबारी और भारी बारिश के कारण पूरे इलाके का तापमान भी कम हो गया है। सोशल मिडिया पर कई यूजर्स का कहना है कि दुनिया का आखिरी समय आ गया। वहीं कुछ लोगों का मानना है ये सब गोलबल वार्मिंग का प्रभाव है।

**एनसीएम ने क्या जताई है संभावनाएं :** यूएई के नेशनल सेंटर ऑफ मेटिरियोलॉजी (एनसीएम) ने बताया कि अगले कुछ दिनों में अल-जौफ के कई इलाके में आंधी-तूफान आने की संभावनाएं हैं। यहां तक की मौसम विभाग ने भारी बारिश और ओलावृष्टि होने की भी भविष्यवाणी की है। जिसके बाद इलाके में विजिब्लिटी कम हो सकती है और इन तूफानों के साथ तेज हवाएं भी चलने की संभावनाए हैं।

## अमेरिका में तीन घरों में संदिग्ध हमलावर और चार अन्य लोग मृत पाए गए: पुलिस

**विचिटा, एजेंसी।** पुलिस ने बताया कि उस इलाके में जांच कर रहे अधिकारियों ने तीसरे घर की खिड़की से झांककर देखा तो वहां पांचवां व्यक्ति भी मृत पाया गया। सुलिवन ने पत्रकारों से कहा, ''पांच लोगों की गोली लगने से मौत हो गई है।'' अमेरिका में कंसास राज्य के विचिटा शहर में एक ही इलाके में स्थित तीन घरों में पांच लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस का मानना है कि गोलीबारी के ये मामले एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। पुलिस प्रमुख जो सुलिवन ने कहा कि रविवार को मृत पाए गए लोगों में से एक संदिग्ध हमलावर था। पुलिस का मानना है कि सभी पांच लोग एक-दूसरे को जानते थे, हालांकि उनके आपस में संबंध का खुलासा नहीं किया गया है। पुलिस द्वारा जारी की गई एक विज्ञप्ति में बताया गया कि शाम 5:44 बजे गोलीबारी की सूचना पर अधिकारियों को बुलाया गया और उन्होंने एक घर के अंदर एक व्यक्ति को मृत पाया। उसकी मौत की सूचना पर अधिकारी उस स्थान से कुछ 'ब्लॉक' दूर एक घर पर गए और वहां तीन अन्य लोग भी मृत पाए गए। पुलिस ने बताया कि उस इलाके में जांच कर रहे अधिकारियों ने तीसरे घर की खिड़की से झांककर देखा तो वहां पांचवां व्यक्ति भी मृत पाया गया। सुलिवन ने पत्रकारों से कहा, ''पांच लोगों की गोली लगने से मौत हो गई है।

## रूस का यूक्रेन पर ड्रोन और बैलिस्टिक मिसाइल से हमला: 6 की मौत, 30 से ज्यादा घायल; ग्लाइड बम भी दागे


**कीव/मॉस्को, एजेंसी।** रूस ने सोमवार को यूक्रेन पर ड्रोन और बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया। इस दौरान रूस ने यूक्रेन के दक्षिण-पश्चिमी शहरों पर ग्लाइड बम भी दागे। इन हमलों में यूक्रेन के 6 नागरिकों की मौत हो गई है, वहीं 30 से ज्यादा घायल हैं। रूस ने यूक्रेन के जिन शहरों को निशाना बनाया है, वे वॉर जोन की फ्रंट लाइन से 1000 किमी की दायरे में हैं। सोमवार को रूसी हमले में सबसे ज्यादा 5 नागरिक दक्षिणी शहर माइकोलाइव में मारे गए। इस शहर पर रूस ने ड्रोन से हमला किया था। हमले में एक 45 वर्षीय महिला घायल भी हुई है। इसके अलावा रूस ने जपोरिजिया शहर पर 3 शक्तिशाली ग्लाइड बम दागे। इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। रूस का ये हमला रविवार को मॉस्को पर हुए यूक्रेनी ड्रोन अटैक के जवाब में आया है। यूक्रेन ने रविवार को रूसी राजधानी पर 34 ड्रोन से हमला किया था। यूक्रेन का दावा- रूस का मिलिट्री हेलीकॉप्टर तबाह किया यूक्रेन की खुफिया एजेंसी ने बयान जारी कर दावा किया कि उसने एक हमले में रूस के मिलिट्री हेलीकॉप्टर एमआई-24 को तबाह कर दिया। ये हमला रूस की राजधानी मॉस्को के करीब क्लिन-5 एयरफील्ड पर किया गया। हेलीकॉप्टर इसी एयरफील्ड पर पार्क था। वहीं रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने सोमवार को 17 यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया है। ये ड्रोन रूस के कुर्स्क, बेलगोरोद और वेरोनेज इलाके में मारे गए। रूस के केमिकल प्लांट पर यूक्रेन का हमला यूक्रेन ने शनिवार



को दावा किया था कि उसने शुक्रवार देर रात रूस के पश्चिमी शहर तुला में एक केमिकल प्लांट को निशाना बनाया है। यूक्रेन की स्पेशल ऑपरेशन फोर्स एसबीयू ने कहा कि उसने हमले में 13 ड्रोन का इस्तेमाल किया था। हमले के बाद केमिकल प्लांट पर विस्फोट हुआ और धुएं का गुबार छा गया। एसबीयू के मुताबिक इस प्लांट पर रूसी सेना के लिए गोला-बारूद बनाया जाता है। हमले के बाद प्लांट से नारंगी रंग का धुआं निकलता दिखा। सीएनएन के मुताबिक एक सूत्र ने बताया कि हमले में अलेक्सिंस्काया थर्मल पावर प्लांट को भी नुकसान पहुंचा है। इस हमले में 110 केवी की बिजली ट्रांसमिशन लाइन भी क्षतिग्रस्त हुई है। ये केमिकल प्लांट राजधानी मॉस्को से 200 किमी दूर दक्षिण में स्थित है। सितंबर में 150 ड्रोन से किया था हमला यूक्रेन ने 1 सितंबर को रूस पर 150 से अधिक ड्रोन से हमला किया था। ढाई साल से जारी रूस-यूक्रेन जंग में पहली बार यूक्रेन ने रूस के खिलाफ एक साथ इतनी ज्यादा संख्या में ड्रोन का इस्तेमाल किया था। यूक्रेन ने रूस की राजधानी मॉस्को पर भी ड्रोन हमले किए। मॉस्को के मेयर सर्गेई सोबयानिन के मुताबिक शहर पर 11 ड्रोन से हमला किया गया था। इन हमलों में एक ऑयल रिफाइनरी और एक टेक्निकल रूम को निशाना बनाया गया था। ऑयल रिफाइनरी पर हुए हमले के बाद उसमें विस्फोट हो गया। इसके बाद गहरा धुआं उठता नजर आया था। रूसी अधिकारियों के मुताबिक यूक्रेन ने 15 प्रांतों में 158 ड्रोन से हमला किया था।

## हिजबुल्लाह ने इजराइल पर 165 रॉकेट दागे, 7 घायल:पोर्ट सिटी हाइफा पर 90 रॉकेट से हमला

**तेल अवीव, एजेंसी।** हिजबुल्लाह ने सोमवार को इजराइल पर 165 से अधिक रॉकेट से हमला किया। इस हमले से इजराइल के उत्तरी शहर बिइना में एक बच्चे सहित 7 लोग घायल हुए हैं। इसके अलावा इस हमले में गैलिली शहर को भी निशाना बनाया गया। यहां 55 रॉकेट दागे गए थे। वहीं हिजबुल्लाह ने हाइफा शहर पर 90 रॉकेट दागे। इजराइली डिफेंस फोर्सेस (आईडीएफ) के मुताबिक हिजबुल्लाह ने पहली बार में हाइफा पर 80 रॉकेट दागे थे। इनमें से ज्यादातर को हवा में ही मार गिराया था। वहीं दूसरी बार में 10 रॉकेट दागे गए। हाइफा पर हमले के कुछ घंटे बाद आईडीएफ ने हिजबुल्लाह के रॉकेट लॉन्चर्स को नष्ट कर दिया। इजराइल ने 54 दिन बाद पेजर-वॉकीटॉकी हमले की जिम्मेदारी ली लेबनान में 17 सितंबर को हिजबुल्लाह मेंबर्स के पेजर (कम्युनिकेशन डिवाइस) में हुए सीरियल ब्लास्ट की जिम्मेदारी इजराइल ने 54 दिन बाद ली है। प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने रविवार को माना कि उन्होंने ही इजराइल की सुरक्षा को लेकर हमले की मंजूरी दी थी।



नेतन्याहू के प्रवक्ता ओमर दोस्तरी ने न्यूज एजेंसी एएफपी से कहा- रविवार को हुई कैबिनेट बैठक में पीएम नेतन्याहू ने पुष्टि की कि उन्होंने ही लेबनान में पेजर अटैक के ऑर्डर दिए थे। हालांकि ओमर ने विस्तार से इस अटैक की जानकारी नहीं दी। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक, नेतन्याहू ने कहा- डिफेंस एजेंसी और सीनियर अधिकारी पेजर अटैक और हिजबुल्लाह के तत्कालीन चीफ नसरल्लाह को ढेर करने के ऑपरेशन के खिलाफ थे। विरोध के बावजूद मैंने हमले के डायरेक्ट ऑर्डर दिए। पेजर हमले में 3 हजार से ज्यादा घायल हुए थे 17 सितंबर को पेजर धमाकों और 18 सितंबर को वॉकी-टॉकी हमले में हिजबुल्लाह से जुड़े करीब 40 लोग मारे गए थे। तीन हजार से ज्यादा लोग घायल भी हुए थे। 27 सितंबर को नेतन्याहू ने यूएन में भाषण देने के बाद अपने होटल रूम से लेबनान में हिजबुल्लाह के हेडक्वार्टर पर 80 टन बम से हमले की इजाजत दी थी। इसके 20 घंटे बाद हिजबुल्लाह ने नसरल्लाह की मौत की पुष्टि की थी। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, इजराइली नेताओं को कई महीनों से नसरल्लाह की लोकेशन की जानकारी थी।।

## ट्रंप के अमेरिकी राष्ट्रपति पद संभालते ही 1 लाख डॉलर का आंकड़ा छू सकता है बिटकॉइन

**वाशिंगटन, एजेंसी।** दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन 100,000 डॉलर की ओर बढ़ रही है। खासकर डोनाल्ड ट्रंप को अमेरिकी राष्ट्रपति चुने जाने के बाद उनके क्रिप्टो समर्थक रुख को लेकर यह तेजी जारी है। मंगलवार को बिटकॉइन की कीमत 87,880 डॉलर के आसपास थी। अमेरिकी चुनाव के बाद से बिटकॉइन की कीमत में करीब 30 प्रतिशत की तेजी आई है। डेवीरे ग्रुप के निगेल ग्रीन के अनुसार, डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद जनवरी 2025 के अंत तक बिटकॉइन 100,000 डॉलर तक पहुंच सकता है। ग्रीन की ओर से इस तेजी का अनुमान ऐसे समय में लगाया गया है जब इस क्रिप्टोकरेंसी ने इस साल अब तक 93 फीसदी की जबरदस्त वृद्धि हासिल की है। ग्रीन ने आगे कहा, हमें उम्मीद है कि यह सिर्फ शुरुआत है, क्योंकि आने वाले ट्रंप प्रशासन के तहत क्रिप्टोकरेंसी और भी रिकॉर्ड तोड़ेगी। ग्रीन ने कहा, राष्ट्रपति-चुनाव का क्रिप्टो-फ्रेंडली रुख बिटकॉइन और डिजिटल परिसंपत्ति बाजार के लिए एक बदलाव का संकेत देता है। ग्रीन ने अपनी बात को स्पष्ट करते हुए कहा कि ट्रंप प्रशासन के पास क्रिप्टो को विनियमित करने का स्पष्ट जनादेश है और बिटकॉइन को एक रणनीतिक परिसंपत्ति वर्ग में बढ़ाने की उनकी योजना एक शक्तिशाली समर्थन है। ग्रीन के अनुसार यह बिटकॉइन के लिए इसकी स्थापना के बाद से अब तक का सबसे महत्वपूर्ण पड़ाव है। आर्थिक नीतिगत बदलावों के बीच मुद्रास्फीति की चिंताओं के बढ़ने के साथ, नकदी मूल्य में आई गिरावट के बरअक्स बचाव के रूप में बिटकॉइन की भूमिका भी बढ़ रही है। वहीं, वैश्विक स्तर पर हाल ही में दरों में कटौती के साथ मुद्रास्फीति के दबाव कम हो गए हैं, ट्रंप प्रशासन की खर्च योजनाएं और संभावित टैरिफ से कीमतें बढ़ सकती हैं।डेवेरे ग्रुप के सीईओ ने कहा कि यह मुद्रास्फीति की पृष्ठभूमि निवेशकों को घटती क्रय शक्ति के खिलाफ सुरक्षा के रूप में बिटकॉइन की ओर रुख करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। जेबपे के सीओओ राज करकरा के अनुसार, जैसे-जैसे अधिक निवेशक बिटकॉइन की ओर रुख करेंगे, हम उम्मीद करते हैं कि इसकी कीमत में तेजी की गति जारी रह सकती है। उन्होंने कहा, यह ऐतिहासिक क्षण बिटकॉइन के लचीलेपन और वित्तीय बाजारों में इसके प्रति रुझान को भी दर्शाता है । बिनेंस में क्षेत्रीय बाजारों के प्रमुख विशाल सचेंद्रन ने कहा कि क्रिप्टो व्यवसायों के प्रति स्पष्ट नियम और सकारात्मक रुख निवेशकों का विश्वास बढ़ाने और इनोवेशन को प्रोत्साहित करने को लेकर अहम है। यह डिजिटल परिसंपत्तियों को मुख्यधारा में अपनाने की क्षमता रखता है। उन्होंने कहा, यह भी ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि इस तरह के बुल मार्केट में, निवेशकों को भी सावधान रहना चाहिए, निवेशकों को शोध करना चाहिए।

## ट्रम्प ने माइक वॉल्ट्ज को एनएसए बनाया:चीन विरोधी हैं, भारत से दोस्ती रखने के हिमायती

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में जीत के बाद डोनाल्ड ट्रम्प ने फ्लोरिडा के सांसद माइक वॉल्ट्ज को देश का नेशनल सिक्योरिटी एडवाइजर (एनएसए) नियुक्त करने का फैसला किया है। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, इस फैसले से परिचित दो सूत्रों ने ये जानकारी दी है। माइक वॉल्ट्ज को चीन-ईरान का विरोधी और भारत समर्थक माना जाता है। वे चीन पर अमेरिका की निर्भरता कम करने से जुड़े कई विधेयकों का समर्थन कर चुके हैं। वॉल्ट्ज अमेरिकी सेना की स्पेशल यूनिट फोर्स में ग्रीन बेरे कमांडो रह चुके हैं और तालिबान के साथ अफगानिस्तान में जंग भी लड़ चुके हैं। उन्होंने अफगानिस्तान से बाइडेन सरकार की सैन्य वापसी का कड़ा विरोध किया था। वे मिडिल ईस्ट और अफ्रीका में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने पहले कार्यकाल में चार एनएसए बदले थे। पहले सलाहकार जनरल मैकमास्टर सिर्फ 22 दिन ही पद पर रह पाए थे। इंडिया कॉकस क्या है, जिससे वॉल्ट्ज जुड़े हैं इंडिया कॉकस अमेरिकी सांसदों का एक ग्रुप है, जो भारत-अमेरिका के बीच संबंधों को मजबूत बनाने के लिए काम करता है। इसका गठन 2004 में न्यूयॉर्क की तत्कालीन सीनेटर हिलेरी क्लिंटन (डेमोक्रेट्स) और विदेश मंत्री जॉन कॉर्निन (रिपब्लिकन) ने किया था। इंडिया कॉकस अमेरिकी संसद में भारत के मामलों पर चर्चा करने और भारतीय-अमेरिकी समुदाय के



अधिकारों को बढ़ावा देने के लिए एक बड़ा मंच बन चुका है। इंडिया कॉकस में फिलहाल 40 मेंबर हैं। इंडिया कॉकस में डेमोक्रेट्स और रिपब्लिकन दोनों पार्टियों के नेता शामिल होते हैं। इसके सदस्य नियमित रूप से भारतीय नेताओं से मिलते हैं और अमेरिकी सरकार को भारत से जुड़े मामलों में सलाह देते हैं। वॉल्ट्ज इंडिया कॉकस के को-चेयर हैं और भारत के साथ मजबूत रिश्ते बनाए रखने के पक्ष में हैं। साल 2023 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी कांग्रेस के जॉइंट सेशन को संबोधित किया था। उनके इस भाषण की व्यवस्था में वॉल्ट्ज का बड़ा रोल था। उन्होंने ही हाउस स्पीकर केविन मैक्कार्थी से मोदी को आमंत्रित करने की अपील की थी। अमेरिका में एनएसए बहुत अहम पद, नियुक्ति के लिए सीनेट की परमिशन जरूरी नहीं अमेरिका में एनएसए एक अहम पद होता है। इसकी नियुक्ति राष्ट्रपति करता है। इसके लिए सीनेट की मंजूरी की जरूरत नहीं होती है। इसका काम टॉप राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसियों के बीच समन्वय स्थापित करना और राष्ट्रपति की नीतियों को लागू करना होता है। फिलहाल जैक सुलिवन इस पद पर हैं वॉल्ट्ज ऐसे दूसरे रिपब्लिकन हैं, जिन्हें ट्रम्प प्रशासन में पद मिला है। इससे पहले ट्रम्प ने न्यूयॉर्क की सांसद एलिस स्टेफैनिक को संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की अगली राजदूत के रूप में चुना था। स्टेफैनिक ट्रम्प की वफादार समर्थक रही हैं। उन्होंने हार्वर्ड से पढ़ाई की है और पूर्व राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू बुश के कार्यकाल में भी उनके प्रशासन में काम कर चुकी हैं। ट्रम्प ने अपने पुराने सहयोगी स्टीफन मिलर को अपने नए प्रशासन में नीति मामलों का डिप्टी चीफ बनाया है। वे ट्रम्प के पहले कार्यकाल में उनके सलाहकार के पद पर थे। वे अवैध प्रवासियों पर कठोर रुख रखने के लिए जाने जाते हैं।

समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569

स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृह्मदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com



# सिद्धार्थ की मिस यू की रिलीज की तारीख से उठा पर्दा, निर्माताओं ने फिल्म का पोस्टर किया जारी

**साउथ अभिनेता सिद्धार्थ इन दिनों मिस यू फिल्म को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। कुछ समय पहले इस फिल्म के बारे में जानकारी सामने आई थी, जिसने फैंस को उत्साहित कर दिया था। वहीं, इस फिल्म के निर्माताओं ने अब इसकी रिलीज की तारीख से पर्दा उठा दिया है। साथ ही उन्होंने फिल्म का नया पोस्टर जारी कर प्रशंसकों की उत्सुकता और बढ़ा दी है।**

सिद्धार्थ आखिरी बार कमल हासन की फिल्म इंडियन 2 में नजर आए थे। वहीं, अभिनेता सिद्धार्थ अब मिस यू फिल्म में अभिनय करेंगे। निर्माताओं ने गुरुवार को फिल्म का नया पोस्टर साझा करते हुए सोशल मीडिया पर घोषणा की कि फिल्म 29 नवंबर को बड़े पर्दे पर आने के लिए तैयार है। फिल्म का निर्देशन राजशेखर ने किया है।

## फिल्म के कलाकार

फिल्म के तकनीकी दल में घिबरन शामिल हैं, जो संगीत देंगे और केजी वेंकटेश कैमरा संभालेंगे। दिनेश पोनराज ने फिल्म का संपादन किया है, जबकि संवाद अशोक आर ने लिखे हैं। 7 माइल्स पर सेकंड मिस यू को वित्तपोषित कर रहा है। फिल्म में सिद्धार्थ के अलावा, आशिका रंगनाथ, करुणाकरण, बाला सरवनन, लोल्लू सभा मारन और अन्य कलाकार भी हैं। हालांकि निर्माताओं ने अभी तक फिल्म की कहानी का खुलासा नहीं किया है, लेकिन मिस यू को एक हल्का-फुल्का ड्रामा बताया जा रहा है। फिल्म के बारे में और जानकारी जल्द ही सामने आएगी।

## सिद्धार्थ की आगामी फिल्में

सिद्धार्थ द टेस्ट का भी हिस्सा हैं, जिसमें नयनतारा, आर माधवन और मीरा जैस्मीन भी हैं। इसका निर्देशन निर्माता से फिल्म निर्माता बने शशिकांत ने किया है। रिलीज की तारीख की घोषणा अभी बाकी है। सिद्धार्थ के पास निर्देशक श्री गणेश के साथ एक फिल्म भी है, जो अभी निर्माणाधीन है। अभिनेता सरथकुमार, देवयानी, चैत्र जे अचार और मीठा रघुनाथ प्रमुख भूमिकाओं में हैं।



# कियारा ने राम चरण संग दूसरी बार किया अभिनय

कियारा आडवाणी के सितारे इन दिनों बुलंदियों पर हैं, उनके पास काम की कोई कमी नहीं है। वह हिंदी फिल्मों के अलावा दक्षिण भारतीय फिल्मों में भी खूब नजर आ रही हैं। अगले साल की शुरुआत में उनकी एक तेलुगू फिल्म गेम चेंजर रिलीज होगी। इस फिल्म में वह राम चरण के साथ रोमांस करती हुई नजर आएंगी। इसी फिल्म के एक टीचर इवेंट के लिए कियारा लखनऊ पहुंची हैं।

## नवाबों के शहर में कियारा

लखनऊ यानी नवाबों के शहर में आकर कियारा काफी खुश नजर आईं। वह सीधा इवेंट वाली जगह पर पहुंची। वहीं राम चरण को भी लखनऊ के लिए रवाना होते हुए देखा गया, पैपराजी ने उनकी एयरपोर्ट पर तस्वीरें खींची और वीडियो भी बनाए, जो सोशल मीडिया पर शेयर हो रहे हैं। जल्द ही कियारा और राम चरण लखनऊ में साथ नजर आएंगे।

## गेम चेंजर है साथ में दूसरी फिल्म

यह पहली बार नहीं है कि कियारा ने राम चरण के साथ कोई फिल्म की हो, वह इससे पहले भी उनके साथ काम कर चुकी हैं। साल 2019 में आई एक फिल्म विनाया विधेया रामा में भी दोनों ने साथ में अभिनय किया। अब यह दोनों गेम चेंजर में दूसरी बार साथ काम कर रहे हैं। फिल्म में कियारा, राम चरण के साथ रोमांस करती हुई नजर आएंगी। वैसे कियारा एक कन्नड़ फिल्म में भी अगले साल नजर आएंगी।

## वॉर-2 में भी निभाएंगी दमदार किरदार

सिर्फ दक्षिण भारतीय फिल्में ही अगले साल कियारा की नहीं आएंगी। वह हिंदी फिल्म वॉर-2 में नजर आएंगी। इस फिल्म की शूटिंग अभी चल रही है। कहा जा रहा है कि इस फिल्म में उनका किरदार काफी दमदार होने वाला है।

# साउथ सुपरस्टार धनुष के साथ फिल्म तेरे इश्क में नजर आएंगी कृति सेनन





बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सेनन इन दिनों दो पत्ती में अपनी अदाकारी के लिए मिल रही सराहना का लुत्फ उठा रही हैं। इस थ्रिलर फिल्म में कृति अभिनेत्री काजोल के साथ नजर आई हैं। वहीं, अब बीच अब कृति को लेकर नई जानकारी सामने आई है, जो उनकी नई फिल्म से जुड़ी हुई है।

दरअसल, कृति सेनन साउथ सुपरस्टार धनुष के साथ फिल्म तेरे इश्क में नजर आएंगी। अब इस फिल्म को लेकर दिलचस्प अपडेट सामने आया है। आनंद एल राय द्वारा निर्देशित तेरे इश्क में फिल्म के लिए कृति सेनन बेहद उत्साहित हैं। तेरे इश्क में वह धनुष के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करेंगी। इस नई जोड़ी को पर्दे पर देखने के लिए प्रशंसक भी उत्साहित हैं। वहीं, अब खबर आई है कि कृति सेनन ने इस फिल्म के लिए अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। फिल्म का निर्माण अक्तूबर 2024 में शुरू होना था और 2025 में इसे सिनेमाघरों में रिलीज करने की योजना थी, इसलिए तेरे इश्क में का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है। हिमांशु शर्मा और नीरज यादव द्वारा लिखित इस फिल्म का निर्माण कलर येलो प्रोडक्शंस के बैनर तले किया जा रहा है। अब कृति अपनी किरदार के लिए खास तैयारियों में जुटी हुई हैं। 2013 में रांझणा की सफलता के बाद निर्देशक आनंद एल राय और अभिनेता धनुष एक बार फिर तेरे इश्क में नाम की एक और रोमांटिक फिल्म के लिए साथ आए हैं। एक साल पहले एक विशेष वीडियो के साथ इसकी घोषणा की गई थी। कृति सेनन और धनुष दोनों पहले भी निर्देशक आनंद एल राय के साथ अलग-अलग फिल्मों में काम कर चुके हैं।

## अगले साल रिलीज होगी फिल्म

कृति सेनन ने कुछ महीने पहले आनंद एल राय से कहानी सुनी थी और इस एक्शन लव स्टोरी की दुनिया में उतरने में दिलचस्पी दिखाई है। कहानी के अलावा, अभिनेत्री को अपने किरदार का आर्क और कहानी में उसके बदलने का तरीका भी पसंद आया है। यह फिल्म फिल्म 2025 में रिलीज होगी।

# गोलमाल 5 के बाद अजय देवगन ने धमाल 4 और तानाजी 2 पर लगाई मुहर, शूटिंग पर भी दिया अपडेट



अजय देवगन कई सीक्वल फिल्म का हिस्सा हैं, जो आने वाले महीनों में रिलीज होंगे। इस समय अभिनेता सिंघम अगेन को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। अजय के पास कई अन्य प्रोजेक्ट भी हैं, जिस पर वे अपना ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। वे सन ऑफ सरदार 2, दे दे प्यार दे 2, शैतान 2 और तानाजी 2 पर काम कर रहे हैं। वहीं, अब अजय देवन ने अपनी इन फिल्मों पर दिलचस्प जानकारी साझा की है और बताया है कि इन सीक्वल पर काम कहां तक पहुंचा है।

## अजय की फिल्मों के सीक्वल

अजय देवगन ने बताया कि सभी फिल्मों के सीक्वल पर काम चल रहा है। अजय देवगन सन ऑफ सरदार 2 के साथ-साथ दे दे प्यार दे 2 और रेड 2 की भी शूटिंग कर रहे हैं। रेड 2 को 21 फरवरी को रिलीज किया जाना है, जबकि दे दे प्यार दे 2 को 1 मई को रिलीज किया जाएगा। सन ऑफ सरदार 2 की अभी तक कोई रिलीज डेट तय नहीं हुई है, लेकिन इसके भी अगले साल रिलीज होने की उम्मीद है।

## धमाल 4 पर काम कर रहे निर्माता

ऐसी खबरें थीं कि अजय धमाल 3 यानी टोटल धमाल के बाद धमाल 4 के लिए वापसी कर रहे हैं, लेकिन अभी तक इसकी कोई पुष्टि नहीं हुई है। वहीं, अजय ने इस बारे में भी जानकारी साझा की। अजय ने बताया कि वह एडवेंचर कॉमेडी का हिस्सा हैं और इसकी शूटिंग जल्द ही शुरू होगी। वहीं, अजय देवगन ने तानाजी के सीक्वल के बारे में बात की।

## तानाजी का सीक्वल भी आएगा

यह देखते हुए कि तानाजीः द अनसंग वॉरियर भी एक बड़ी हिट थी, लोगों के मन में एक सवाल था कि क्या इसका सीक्वल होगा? अजय ने पुष्टि की कि निर्माता कुछ पर काम कर रहे हैं, इस प्रकार फिल्म के सीक्वल की ओर भी इशारा किया। इससे पहले रोहित शेट्टी ने अजय देवगन के साथ गोलमाल फ्रेंचाइजी की पांचवीं किस्त की भी पुष्टि की। उन्होंने बताया कि जल्द ही वे अजय देवगन के साथ गोलमाल 5 पर काम करेंगे। इस बीच रोहित शेट्टी कॉप यूनिवर्स की फिल्म सिंघम अगेन सिनेमाघरों में चल रही है। अजय देवगन के अलावा इस फिल्म में रणवीर सिंह, अक्षय कुमार, दीपिका पादुकोण, करीना कपूर खान, टाइगर श्रॉफ, अर्जुन कपूर और सलमान खान भी मुख्य भूमिका में हैं।



# अपने तलाक को लेकर बोलीं ईशा कोप्पिकर

बॉलीवुड अभिनेत्री ईशा कोप्पिकर ने अपने तलाक को लेकर बात की है। ईशा ने टिम्मी नारंग से नवंबर 2023 में तलाक ले लिया। शादी के 14 साल बाद तलाक लेने के इस निर्णय को ईशा ने कठिन बताया है। एक इंटरव्यू के दौरान ईशा ने अपने तलाक को लेकर बात की है। ईशा ने कहा कि उन्हें लगता था कि टिम्मी उनसे अलग होने चाहते हैं इसलिए उन्होंने भी एक स्टेप पीछे ले लिया। उन्होंने तलाक के बारे में खुलकर बात की। ईशा ने कहा कि वे बस एक बात से परेशान थीं क्योंकि उन्हें यह गैरजिम्मेदाराना लगा क्योंकि ने नहीं जानती थीं कि उनकी बेटी रिआना इसे स्वीकार पाएंगी या नहीं।

## जियो और जीने दो पर करती हैं विश्वास

ईशा कोप्पिकर ने टिम्मी के अलग होने के बारे बात की है। बॉम्बे टाइम्स की रिपोर्ट की मानें तो उन्होंने कहा कि वे ठीक से बता नहीं सकती कि क्या गलत हुआ लेकिन उन्हें लगा कि बस दोनों कुछ अलग हो गए थे। ईशा ने कहा कि वे जो सबसे अच्छा कर सकती थीं, उन्होंने वही किया। ईशा जियो और जीने दो की बात पर विश्वास करती हैं।

## बेटी को तलाक के बारे में बताना चाहती थीं ईशा

अभिनेत्री ने कहा, यह बहुत गैरजिम्मेदाराना था क्योंकि मैं चाहती थी कि रिआना को इस बारे में धीरे-धीरे बताया जाए। मैं इस मुद्दे को अलग तरीके से उसके सामने लाना चाहती थी, लेकिन इससे पहले ही उसने इस बारे में बात कर दी। बाद में टिम्मी को भी इस बात का एहसास हुआ और उसने इस बारे में माफी भी मांगी। बात करें वर्कफ्रंट की तो ईशा इंडस्ट्री में वापस लौट आई हैं। ईशा ने बताया कि लोग इनके काम जारी रखने की बात को नहीं जानते थे। सभी का मानना है कि अगर एक्ट्रेस किसी बिजनेसमैन से शादी कर लेती है, तो वह काम नहीं करना चाहती हैं।



# रिबेल स्टार प्रभास ने होम्बले फिल्म्स के साथ साइन की तीन फिल्में, सालार 2 से होगी शुरुआत

**फिल्म कल्कि 2898 एडी से दर्शकों का दिल जीत चुके साउथ के सुपरस्टार प्रभास ने अपनी कई फिल्मों से अभी तक कई रिकॉर्ड दर्ज किए हैं। नई मिली जानकारी के अनुसार, प्रभास ने होम्बले फिल्मस के साथ तीन फिल्मों का कान्ट्रेक्ट कर लिया है। जिसमें सबसे पहले प्रभास की फिल्म सालार 2 शामिल है।**

## होम्बले फिल्म्स का एक्स पोस्ट

होम्बले फिल्म्स ने अपने एक्स अकाउंट पर साझा किया और लिखा, हमें रिबेल स्टार प्रभास के साथ एक शानदार तीन-फिल्म साझेदारी में एकजुट होने पर गर्व है, जो भारतीय सिनेमा के सार का जश्न मनाते हैं, जो इसे दुनिया भर में ले जाने का लक्ष्य रखते हैं। यह बेहतरीन सिनेमाई अनुभव बनाने के लिए हमारी घोषणा है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। मंच तैयार है और आगे का रास्ता बड़ा लंबा है। तैयार हो जाइए, क्योंकि सालार 2 के साथ सफर शुरू हो रहा है ...

## प्रभास की तीन फिल्में

हर साल सुपरहिट फिल्में की लाइन लगाने वाले प्रभास इन दिनों हाई लेवल सिनेमा बनाने पर काफी फोकस कर रहे हैं। अब प्रभास ने होम्बले फिल्म्स के साथ मिलकर 3 फिल्में साइन की हैं। होम्बले फिल्म्स ने इसकी जानकारी दी है। जिसमें बताया गया कि इस बड़े समझौते में सालार पार्ट 2 के साथ दो और फिल्में शामिल हैं जो एक के बाद एक रिलीज होंगी। ये किसी भी एक्टर और प्रोडक्शन कंपनी के बीच की अब तक की सबसे बड़ी डील मानी जा रही है, जिससे प्रभास और होम्बले दोनों के लिए नए और बड़े मौके आएंगे।

## होम्बले फिल्म्स

होम्बले फिल्म्स हाई क्वालिटी वाले प्रोजेक्ट्स दर्शकों के लिए टॉप लेवल सिनेमा लाने के लिए उनकी कमिटमेंट को दर्शाता है। केजीएफ चैप्टर 1, केजीएफ चैप्टर 2, कंतारा और सालार 1 जैसी दुनिया भर में हिट होने के बाद, अब उनके पास एक रोमांचक लाइनअप है, जिसमें मच अवेटेड कंतारा 2 और केजीएफ चैप्टर 3 के साथ-साथ सुपरस्टार प्रभास की नई तीन फिल्में शामिल हैं।

## प्रभास की आने वाली फिल्में

साउथ सुपरस्टार प्रभास के पास कई बड़ी फिल्में हैं, जैसे होम्बले फिल्म्स की सलार 2 के अलावा भी दो और फिल्में हैं। इसके अलावा प्रभास के पास राजा साब, स्पिरिट, कल्कि 2 जैसी कई और फिल्में भी शामिल हैं। प्रभास की फिल्में हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में जबरदस्त बिजनेस लाती हैं, जो वाकई में कमाल है।

# भूल भुलैया 3 को लेकर बोलीं विद्या बालन



कार्तिक आर्यन की फिल्म भूल भुलैया 3 बॉक्स ऑफिस पर लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही है। हॉरर-कॉमेडी को जबर्दस्त प्रतिक्रिया भी मिल रही है। कार्तिक के अलावा, फिल्म में माधुरी दीक्षित, विद्या बालन और तृप्ति डिमरी ने भी अहम भूमिका निभाई है। विद्या को इस फिल्म की पहली किस्त भूल भुलैया में देखा गया था और वह 17 साल बाद फ्रैंचाइजी में लौटी हैं। इसी फिल्म को लेकर विद्या ने कुछ ऐसा बोला है, जिसे सुनकर कोई भी दंग रह जाएगा। विद्या ने बेगम जान, कहानी भूल भुलैया और परिणीता जैसी तमाम फिल्मों में बेहतरीन अभिनय किया है। उनकी हर फिल्म उनके प्रशंसकों को जरूर पसंद आती है। वहीं 1 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई फिल्म भूल भुलैया 3 को लेकर विद्या ने कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि वह 17 साल बाद फिर से भूल भुलैया करेंगी। फिल्म की सफलता पर प्रतिक्रिया देते हुए, अभिनेत्री ने इसे अब तक की अपनी सबसे बड़ी सफलता बताया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, विद्या बालन ने एक इंटरवयू के दौरान कहा, फिल्म बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रही है, मुझे यह बहुत पसंद आ रही है। यह मेरी अब तक की सबसे बड़ी फिल्म है। क्या इससे बेहतर कुछ हो सकता है अभिनेत्री ने यह भी बताया कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि फिल्म इतना अच्छा प्रदर्शन करेगी।